रोहतक
शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 30, अंक : 253
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 31.8°C
न्यून. 17.6°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 स्मृति मंधाना की कप्तानी में नए युग की शुरुआत करेगी भारतीय महिला टीम

हमें कोई धमका नहीं सकता : सुप्रीम कोर्ट

मार्च निकालने पर शीर्ष कोर्ट का राहुल समेत 14 नेताओं को नोटिस

सीजेआई बोले, हम जानते हैं कोर्ट के बाहर क्या कर रहे और अंदर क्या

हम किसी अलग-थलग दुनिया में नहीं बैठे, ऐसी कोशिशें बेकार हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट तक विपक्ष के मार्च मामले में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि कोई भी कोर्ट को डरा-धमकाकर दबाव में नहीं ला सकता। ऐसी कोशिशें बेकार हैं। इन पर कोई ध्यान नहीं देता। उन्होंने कहा-हमें पता कि कोर्ट के बाहर क्या कहा जा रहा है और कोर्ट के अंदर क्या कहा जा रहा है। हम किसी काल्पनिक दुनिया में नहीं जी रहे हैं। हमें हर बात की जानकारी है। सीजेआई ने राहुल का नाम लिए बिना यह भी कहा कि याचिकाकर्ताओं में से एक के आचरण पर सवाल करेंगे और उसे सफाई देनी होगी। 12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट परिसर में विपक्षी नेताओं और उनके समर्थकों के जुटने से जुड़े मामले में राहुल गांधी, अखिलेश यादव और अन्य 14 नेताओं को नोटिस जारी किया है। वहीं, एसआईआर प्रक्रिया और चुनाव आयोग के फैसलों के खिलाफ इन नेताओं की याचिका पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग से जवाब मांगा। 12 अक्टूबर के सुप्रीम कोर्ट मार्च के बाद कोर्ट परिसर में राजनीतिक प्रदर्शन रोकने के नियम बनाने, सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने और राहुल गांधी समेत नेताओं की मंशा की जांच से जुड़ी याचिका 4 वकील ने दाखिल की है।



एसआईआर को लेकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त से जवाब तलब

उच्चतम न्यायालय ने मतदाता सूचियों से कथित रूप से "बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में अनियमितताओं" को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा विपक्ष के 12 अन्य नेताओं की याचिका पर निर्वाचन आयोग (ईसी) और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार से बृहस्पतिवार को जवाब मांगा। मतदाता सूचियों के एसआईआर, दिल्ली में प्रदर्शनों, उच्चतम न्यायालय तक निकाले गए मार्च और पत्रकारों एवं वकीलों पर कथित हमलों से जुड़ी विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने कहा कि सभी पक्षों को सुना जाएगा।

सीजेपी प्रोटेस्ट का सीसीटीवी सुरक्षित रखें

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सीजेपी प्रदर्शन के दौरान मेट्रो स्टेशन और इंटरनेट बंद करने और जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाने के मामले पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा- हम 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर हुई पुलिस कार्रवाई पर केंद्र को नोटिस जारी कर रहे हैं। उन्हें इसका जवाब देना होगा। इसके साथ ही कोर्ट ने जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल से हटाने के फैसले पर भी सरकार को नोटिस दिया है। कोर्ट ने 10 अक्टूबर को सीजेपी प्रदर्शन पर कहा कि उस दिन के सभी सीसीटीवी फुटेज संभालकर रखे जाएं। इससे पहले केंद्र सरकार ने 10 अक्टूबर को दिल्ली में इंटरनेट बंद करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी थी। गृह सचिव गोविंद मोहन ने कोर्ट को दिए हलफनामे में कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अफवाह रोकने के लिए यह कदम उठाना पड़ा।

प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई पर केंद्र को नोटिस
■
जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल से हटाने के फैसले पर भी सरकार को नोटिस

इन मुद्दों पर कोर्ट ने दिए आदेश

प्रदर्शनकारियों पर
सुप्रीम कोर्ट ने प्रदर्शनों के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई से जुड़े सभी मामलों में नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने पुलिस और एजेंसियों को आदेश दिया है कि वे प्रदर्शन से जुड़ी सभी सीसीटीवी और डिजिटल फुटेज को सुरक्षित रखें।

महिला पत्रकारों से हिंसा
सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वह महिला पत्रकारों के साथ पुलिस मारपीट के आरोपों की जांच के लिए एक समिति बनाएगा। इसके साथ ही कोर्ट ने एक महिला पत्रकार की गिरफ्तारी पर रोक लगाने का सीधा निर्देश दिया है।

प्रदर्शन स्थल पर
जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाने (डी-नोटिफाई करने) के मामले में कोर्ट ने केंद्र को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने पूछा है कि यह फैसला इस फैसले के पीछे अदालत की टिप्पणी या स्वतंत्र आकलन है।

केंद्र के एक्शन पर
कोर्ट ने प्रदर्शनों पर हुई कार्रवाई और मतदाता सूची से नाम काटे जाने के मामले में केंद्र से जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को इन सभी मामलों में अपना जवाबी हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है।

आज और कल बंद रहेगा सेंट्रल पार्क

सीजेपी के तिरंगा मार्च से पहले प्रशासन अलर्ट

दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क 16 और 17 अक्टूबर को आम जनता के लिए बंद रहेगा। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने इस संबंध में नोटिस जारी किया है। नोटिस में पार्क बंद रखने की वजह प्रशासनिक बताई गई है। यह फैसला ऐसे समय सामने आया है, जब कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने 16 अक्टूबर को इसी पार्क में 'लहरा दो तिरंगा' प्रदर्शन का आह्वान किया है। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने 16 अक्टूबर को देशव्यापी 'लहरा दो तिरंगा' प्रदर्शन की अपील की है। उन्होंने लोगों से शाम 5 बजे कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में राष्ट्रीय ध्वज लेकर पहुंचने को कहा है।

प्रशांत भूषण का केंद्र पर तीखा हमला, बोले-

यह रिजीम चेंज की लड़ाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। मतदाता सूची के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) को लेकर चल रहे विवाद और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच गुरुवार को राजधानी दिल्ली में एक खास प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। जिसे सीजेपी (कॉकरोच जनता पार्टी) के संस्थापक अभिजीत दीपके, वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण, अभिनेता प्रकाश राज, एआईएसए नेता नेहा बोरा और अन्य लोगों ने संबोधित किया। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला और साफ तौर पर कहा कि अगर केंद्र को लगता है कि यह सरकार बदलने की लड़ाई है तो हां हम रिजीम चेंज (सत्ता परिवर्तन) कराना चाहते हैं। प्रशांत भूषण ने दिल्ली में 10 अक्तूबर को हुए आंदोलन के दौरान छात्रों पर हुई बर्बरता का मुद्दा उठाया और कहा, 'जब सीजेपी और अन्य संगठनों ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए जगह मांगी थी, और सरकार को लग रहा था कि जंतर-मंतर उनके लिए छोटा पड़ेगा तो कोई और जगह बता देते। लेकिन इसकी बजाय उन्होंने पूरी सेंट्रल दिल्ली को ही बंद कर दिया। इसके बाद भी जब कुछ युवा सड़कों पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अपना अधिकार मांगने उतरे तो उन्हें बेहद बर्बरता के साथ मारा-पीटा, पत्रकारों को भी पीटा गया।'



> इस तरह की तानाशाही सरकार इस देश में नहीं चल सकती

> जितनी लोगों को दबाने की कोशिश होगी, उतना तेज होगा प्रदर्शन

बर्बरता से आंदोलन खत्म नहीं हुआ, उल्टा बढ़ गया

सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील ने कहा कि सरकार सोच रही थी कि बर्बरता से आंदोलन को कुचल देंगे लेकिन इसका दूसरा असर हो गया। उन्होंने कहा, 'ये लोग सोचते थे कि हम इस बर्बरता से इस प्रोटेस्ट को खत्म कर देंगे, लोगों को डरा देंगे, लेकिन उसका उल्टा ही असर हो रहा है। जितना ये लोग दबाने की डराने की कोशिश कर रहे हैं, उतने ही लोग सड़कों पर आ रहे हैं।' भूषण ने कहा '12 तारीख को सौरव और आशुतोष वहां तिरंगा फहराने गए। तो उन्हें 5 दिन की हिरासत में भेज दिया गया और भाजपा के जिन गुंडों ने कनॉट प्लेस पर लोगों के साथ लाठी लेकर मारपीट की थी।

जींद में पूर्व सरपंच ने की वारदात

जमीन के लिए जिगर के टुकड़े को गोलियों से भूना

जींद (हरिभूमि न्यूज)। गांव तलौडा में बीती देर रात पूर्व सरपंच ने जमीन के लिए अपने ही जिगर के टुकड़े को गोलियों से भून डाला। घटना के दौरान डायल 112 भी मौजूद थी। वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गया। गांव तलौडा निवासी पूर्व सरपंच मदन अपनी पत्नी तथा एक बेटी के साथ चंडीगढ़ में रहता है। जबकि उसकी बेटा मुरारी (26) पत्नी शिवानी तथा डेढ़ वर्षीय बेटे के साथ गांव तलौडा में रहता है। गत दिवस मदन अपने परिवार में ही शादी में शामिल होने आया हुआ था। देर रात को मदन तथा उसके बेटे मुरारी के बीच कहासुनी हो गई। मुरारी की सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंच गई। पुलिस के पहुंचने पर मुरारी उन्हें उस कमरे पर ले गया। जहां उसका पिता मदन बैठा हुआ था। जब मुरारी ने कमरे का दरवाजा खोला तो मदन ने अपने लाइसेंसी असलहा से गोली मार दी। जिसके साथ मदन नीचे गिर गया। बावजूद इसके आरोपित ने गिरे हुए मुरारी के सिर में पांच और पेट में एक गोली मारी।



सिर में पांच पेट में एक गोली मारी

बेटा पत्नी संग रहता था गांव में, आरोपित पत्नी के साथ रह रहा था चंडीगढ़ में

आरोपित पिता, मां बहनों समेत पांच पर हत्या व षड्यंत्र रचने का मामला दर्ज

पत्नी का आरोप- षड्यंत्र के तहत कराई पति की हत्या

पुलिस ने मौके से सात खोल भी बरामद किए हैं। मृतक मुरारी परिवार को इकलौता चिराग था। मृतक की पत्नी शिवानी ने आरोप लगाया कि उसका ससुर मदन उसके चरित्र पर संदेह करता था। उसके पति मुरारी को छोड़ कर अन्य दहेज के लिए तंग करते थे। योजना के तहत पड़ोसी गुरबख्श उसके पति को बुला कर उसके ससुर मदन के पास ले गया था। उसके पति मुरारी की षड्यंत्र के तहत उसकी पति की हत्या करवाई है। पुलिस ने शिवानी की शिकायत पर आरोपित ससुर मदन, सास मनजीत कौर, ननंद पूजा, वंदना तथा पड़ोसी गुरबख्श के खिलाफ हत्या, शस्त्र अधिनियम, षडयंत्र रचने के तहत केस दर्ज किया है।

13 जिलों में तेज बारिश, मंडियों में भीगा धान

नुकसान
- सड़कों पर 3 से 4 फीट पानी भरा
- सोनीपत में आंधी से होर्डिंग व टीन शेड उखड़े
- रेवाड़ी में अनाज मंडी में रखा बाजरा भीगा



करनाल मंडी में पानी में डूबी धान की बोरियां

हरियाणा (हरिभूमि टीम)। हरियाणा में गुरुवार की दोपहर तक पानीपत, सोनीपत, अंबाला सहित 13 जिलों में तेज बारिश हुई। हाईवे से लेकर बाजार और मंडियों तक इसका असर दिखाई दिया। पानीपत के चौड़ा बाजार सहित कई मार्केट में करीब 3 फीट तक पानी भर गया। उधर, सिरसा के कालांवाली में एसडीएम कार्यालय के पास एडवोकेट प्रगट सिंह के घर पर बिजली गिर गई, जिससे छत पर रखी पानी की टंकी टूट गई। वहीं, जींद और अंबाला की सड़कों पर एक से दो फीट तक पानी भर गया। सोनीपत में तेज आंधी के चलते कई जगह टीन शेड और होर्डिंग उड़कर सड़कों पर आ गए। इसके अलावा कैथल और फतेहाबाद में बारिश से धान की ढेरियां और बोरियां भीग गईं, वहीं रेवाड़ी अनाज मंडी में खुले में रखा बाजरा भी बारिश में भीग गया।

17 राज्यों और यूटी में अपडेट होगी वोटर लिस्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। चुनाव आयोग ने मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान समेत 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में वोटर लिस्ट का स्पेशल समरी रिवीजन (एसएसआर) कराने का निर्देश दिया है। आयोग ने संबंधित राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को लेटर भेजा है। एसएसआर के तहत वोटर लिस्ट में नए नाम जोड़े जाएंगे और पहले से दर्ज जानकारी में गलतियां सुधारी जाएंगी। 2027 में 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवा भी नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। यह आदेश स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर विवाद और विरोध के बीच आया है।

नए नाम जोड़े जाएंगे, गलतियां सुधारी जाएंगी

एक नवंबर से नया नियम

फोन-स्क्रीन पर कॉलर का नाम दिखाना जरूरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। आपके फोन पर जब भी किसी का कॉल आएगा, तो स्क्रीन पर उस व्यक्ति का नंबर और नाम दोनों दिखेंगे। जिस आईडी से सिम खरीदी, वही नाम डिस्प्ले होगा। इससे फर्जी कॉल पहचानने में मदद मिलेगी। दूरसंचार विभाग ने टेलिकॉम ऑपरेटर्स को 1 नवंबर 2026 से ये सर्विस शुरू करने का निर्देश दिया है। यूजर को इस सर्विस को अलग से एक्टिवेट करने की जरूरत नहीं होगी। अगर आपकी सिम आपके किसी परिजन या पुराने नाम पर है, तो 1 नवंबर से कॉलिंग के वक्त वही नाम दूसरों को दिखेगा।

जिस आईडी से सिम खरीदी वही नाम डिस्प्ले होगा

एक्टर इमरान को 28 तक भारत छोड़ने का नोटिस

नई दिल्ली (एजेंसी)। एक्टर इमरान खान को मुंबई पुलिस ने नोटिस जारी कर 28 अक्टूबर तक भारत छोड़ने का निर्देश दिया है। इमरान 10 अक्टूबर को मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन में शामिल हुए थे। मुंबई पुलिस ने इमरान को हिरासत में भी लिया था। वे 22-23 जुलाई को नीट पेपर लीक के विरोध में हुए सीजेपी के प्रदर्शन में भी शामिल हुए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरान भारतीय नहीं, अमेरिकी नागरिक हैं और विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए थे। इस मामले में उनके खिलाफ इमिग्रेशन एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

इमिग्रेशन एक्ट के मुताबिक वह भारतीय नागरिक नहीं



मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को शीर्ष कोर्ट ने रखा बरकरार

हिंदू धर्म छोड़ने पर नहीं मिलेगा आरक्षण का लाभ

तमिलनाडु सरकार ने कुछ समुदाय के लोगों को बीसीएम श्रेणी में आरक्षण देने का किया था प्रावधान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण और जाति आधारित आरक्षण से जुड़े मामले में मद्रास हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। इस मामले में हाई कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार के उस सरकारी आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम अपनाने वाले कुछ लोगों को पिछड़ा वर्ग (मुस्लिम) की श्रेणी में शामिल कर आरक्षण का लाभ देने का प्रावधान किया गया था। मामला इस सवाल से जुड़ा था कि क्या धर्म परिवर्तन करने के बाद कोई व्यक्ति अपने पुराने सामाजिक वर्ग के आधार पर या पिछड़ा वर्ग मुस्लिम के रूप में आरक्षण का लाभ ले सकता है?

अनुसूचित जाति का दर्जा सिर्फ हिंदू, बौद्ध या सिख धर्म को

सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के 1950 के अनुसूचित जाति आदेश का जिक्र किया। कोर्ट ने कहा कि अनुसूचित जाति का दर्जा हिंदू, बौद्ध या सिख धर्म के अलावा दूसरे धर्मों के लोगों को नहीं दिया जा सकता। कोर्ट के मुताबिक, ऐसे व्यक्ति का अपने मूल जाति से जुड़ा अनुसूचित जाति दर्जा खत्म हो जाता है।

2024 के सरकारी आदेश में क्या था प्रावधान?

तमिलनाडु सरकार के वर्ष 2024 के आदेश के अनुसार, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग , विमुक्त समुदाय या अनुसूचित जाति से आने वाला कोई व्यक्ति यदि इस्लाम अपनाता है, तो उसे आरक्षण के उद्देश्य से पिछड़ा वर्ग (मुस्लिम) माना जा सकता है। इस आदेश के तहत ऐसे लोगों को मुस्लिम समुदाय की अधिसूचित सात श्रेणियों में से किसी एक का सामुदायिक प्रमाण पत्र जारी करने का प्रावधान था। राज्य सरकार ने अदालत में कहा था कि किसी अगड़ी जाति का व्यक्ति इस्लाम अपनाने के बाद पिछड़ा वर्ग (मुस्लिम) का दर्जा पाने का हकदार नहीं होगा। सरकार का यह भी कहना था कि जो लोग अपने मूल धर्म में पहले से आरक्षण का लाभ ले रहे थे, धर्म परिवर्तन के बाद भी उनका लाभ समाप्त नहीं होना चाहिए।

खबर संक्षेप

हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं लगवाने वालों की बढ़ेंगी मुश्किलें

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस प्रदेश में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट से संबंधित नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही विशेष जागरूकता एवं एनफोर्समेंट अभियान चलाने जा रही है। निर्धारित मानकों के अनुरूप नंबर प्लेट नहीं लगाने वाले वाहनों की जांच की जाएगी और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी अजय सिंघल का कहना है कि हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट से संबंधित नियमों का पालन करना आवश्यक है।

सीसीआई में सीसीटीवी के दुरुपयोग पर रोक

चंडीगढ़। हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने प्रदेश के बाल देखभाल संस्थानों (सीसीआई) में रहने वाले बच्चों की निजता, गरिमा और सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए एक महत्वपूर्ण वैधानिक परामर्श जारी किया है। आयोग की अध्यक्षा तृप्ति श्योराण द्वारा बाल अधिकार संरक्षण आयोग (सीपीसीआर) अधिनियम, 2005 की धारा 13 (1) (ए) के तहत यह कदम उठाया गया है। आयोग के दौरों में यह बात सामने आई थी कि कई संस्थानों में सीसीटीवी सिस्टम को व्यक्तिगत मोबाइल फोन और लैपटॉप से जोड़ा गया है, जिससे लाइव फुटेज कहीं से भी एक्सेस, डाउनलोड या वायरल की जा सकती है, जो बच्चों की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है।

करनाल में पिचोलिया हेड के साथ बनेगी सड़क

चंडीगढ़। लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का नेटवर्क मजबूत कर गांवों को बेहतर आवागमन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में करनाल जिले में पिचोलिया हेड से जानी गांव तक पश्चिमी यमुना नहर के बाएं किनारे पर 10 करोड़ 38 लाख 52 हजार रुपये की लागत से नई सड़क बनाई जाएगी।

भिवानी संसदीय सीट प्रभारी बने मुलाना

चंडीगढ़। हरियाणा में कांग्रेस ने अंबाला सुरक्षित संसदीय सीट से सांसद वरुण मुलाना को भिवानी संसदीय क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी की ओर से उन्हें सौंपी गई नई जिम्मेदारी को आगामी राजनीतिक गतिविधियों और संसदीय क्षेत्र में संगठनात्मक समन्वय के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वरुण मुलाना अंबाला लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।

धान की खरीद न होने से किसान परेशान : इनेलो

चंडीगढ़। इनेलो अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने हरियाणा की मंडियों में धान की खरीद में देरी, बारिश से फसल को हो रहे नुकसान और किसानों को पेश आ रही परेशानियों को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश का किसान छह महीने तक खेतों में मेहनत करता है, अपनी जमा-पूंजी लगाता है और कर्ज लेकर फसल तैयार करता है, लेकिन जब उसकी उपज बेचने का समय आता है तो उसे मंडियों में परेशान किया जाता है। प्रदेश भर में किसान परेशान हो रहे है।

मुख्यमंत्री ने स्वीडिश कंपनियों के प्रतिनिधियों से राउंड टेबल वार्ता कर निवेश का न्योता दिया

हरियाणा के 18 ड्राई पोर्ट्स पर स्वीडन के साथ मिलकर करेंगे काम : नायब सैनी

स्वीडिश मंत्री बेंजामिन दौसा सहित उद्योगपतियों से मिले मुख्यमंत्री नायब सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वीडन सरकार के अंतरराष्ट्रीय विकास सहयोग एवं विदेश व्यापार मंत्री बेंजामिन दौसा से महत्वपूर्ण मुलाकात की। इस बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने भारत-स्वीडन द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने तथा हरियाणा में सहयोग के नए आयाम तलाशने पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से हरियाणा में उपलब्ध 18 ड्राई पोर्ट्स का जिक्र करते हुए कहा कि इन पर स्वीडन के साथ मिलकर कार्य करने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। इससे पहले बेंजामिन दौसा ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया और हरियाणा के साथ मिलकर भविष्य की योजनाओं पर सहमति जताई। मुख्यमंत्री ने दौसा को 'हैपनिंग हरियाणा' समारोह के लिए भी आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वीडन में इंडिया स्वीडन इनोवेशन डे 2026 कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इंडो स्वीडन इनोवेशन डे पर आप सबके बीच उपस्थित होना मेरे लिए सम्मान और प्रसन्नता का विषय है।



पांच वर्षों में व्यापार और निवेश को दोगुना करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्वारा स्वीडन के साथ की गई मुलाकातों को आगे बढ़ाना हमारा प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने उल्लेख किया कि मई 2025 में भारत और स्वीडन ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया था। आने वाले पांच वर्षों में दोनों देशों ने आपसी व्यापार और निवेश को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। सैनी ने बताया कि वर्तमान में भारत में बहुत सारी स्वीडिश कंपनियां कार्यरत हैं। उन्होंने शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट और ऊर्जा क्षेत्र में दोनों पक्षों के बीच मिलकर आगे बढ़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में आने का दिया न्योता



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कहा कि आप सबको हरियाणा में होने वाले हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट 2027 के लिए आमंत्रित करता हूं। हरियाणा की पावन धरा कुरुक्षेत्र पर आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में पधारने का भी सादर निमंत्रण देता हूं। इस मौके पर स्वीडिन के मंत्री बेंजामिन दौसा, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल और भारतीय राजदूत अनुराग भूषण भी मौजूद रहे।

सिंगल विंडो सिस्टम को मजबूत किया : सीएम

मुख्यमंत्री ने हरियाणा की निवेश क्षमता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कुशल मानव संसाधन, मजबूत औद्योगिक आधार और देश के बड़े बाजारों से उत्कृष्ट संपर्क हरियाणा को निवेशकों के लिए पहली पसंद बनाते हैं। हरियाणा उत्तर भारत के बड़े बाजारों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने इन्वेस्ट हरियाणा सिंगल विंडो सिस्टम को और मजबूत किया है, जिससे निवेश प्रक्रिया सरल और तेज हो गई है। मुख्यमंत्री ने स्वीडिश कंपनियों के हरियाणा में मौजूद निवेश को भरोसे का उदाहरण बताते हुए कहा कि गुरुग्राम में स्वीडिश कंपनी आइकिया की 3500 करोड़ रुपये की एकीकृत परियोजना राज्य पर उनके विश्वास को दर्शाती है।

झज्जर में कार्ल गुस्ताफ संयंत्र स्थापित

झज्जर की मेट सिटी में स्वीडन की सब कंपनी अपना कार्ल गुस्ताफ विनिर्माण संयंत्र स्थापित कर रही है। फरीदाबाद में स्वीडिश-स्विस समूह एबीबी की वर्ष 1951 से शुरू हुई विनिर्माण इकाई आधुनिक इलेक्ट्रिक मोटरों का प्रमुख उत्पादक केंद्र है। इसके अलावा, स्वीडिश शिक्षा संस्था कुन स्कापसकोलन का पहला भारतीय विद्यालय वर्ष 2013 में गुरुग्राम में खोला गया था। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यदि कोई स्वीडिश कंपनी भारत में आना चाहती है तो उसे पूरा सहयोग मिलेगा।

प्रदेश में अब तक 15.52 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद

■ किसानों को 1221 करोड़ का भुगतान : रस्तोगी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

■ मंडियों में 50 प्रतिशत उपज का हुआ उठान

हरियाणा में खरीफ खरीद सीजन के दौरान धान की सरकारी खरीद तेजी से जारी है। राज्य की खरीद एजेंसियों ने अब तक 15.52 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की है और किसानों को 1221 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। गौरतलब है कि सामान्य श्रेणी के धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,441 रुपये प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बृहस्पतिवार धान खरीद की समीक्षा करते हुए मंडियों में धान की आवक, खरीद, उठान, किसानों को भुगतान तथा खरीद प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रगति का जायजा लिया। समीक्षा बैठक में फसल खरीद के पूरे सीजन के दौरान सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन, खरीद एजेंसियों, मंडी अधिकारियों, ढुलाईकर्ताओं और चावल मिल मालिकों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया। साथ ही समुचित उठान व्यवस्था बनाए रखने, पारदर्शी तुलाई एवं नमी की जांच तथा खरीद से संबंधित दस्तावेजी प्रक्रिया को प्रभावी बनाने पर भी चर्चा की गई। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की प्रधान सचिव अमनीत पी. कुमार ने बताया कि अब तक प्रदेश की मंडियों में 21.27 लाख मीट्रिक टन धान की आवक हुई है, जिसमें से 15.52 लाख मीट्रिक टन की खरीद की जा चुकी है और 7.69 लाख मीट्रिक टन धान का उठान हो चुका है।

डीएलएड दाखिले की तारीख बढ़ाने से हाईकोर्ट का इनकार

■ शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों को सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन करना होगा : न्यायाधीश

चंडीगढ़। हरियाणा में डीएलएड (प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण) पाठ्यक्रम में दाखिले की अंतिम तारीख बढ़ाने की मांग पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। अदालत ने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों को सुप्रीम कोर्ट की निर्धारित दाखिला समय-सारिणी का पालन करना होगा और तय तारीख के बाद दाखिले की अनुमति नहीं दी जा सकती। खाली सीटों के लिए निजी कालेजों को मुआवजा देने की मांग भी स्वीकार नहीं की गई। हरियाणा सेल्फ फाइनेंस प्राइवेट कालेज एसोसिएशन ने शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए दाखिले की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर तक बढ़ाने की मांग की थी। चीफ जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा और जस्टिस रोहित कपूर की खंडपीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि डीएलएड जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम में शैक्षणिक मानकों का पालन जरूरी है। प्रशिक्षण लेने वाले विद्यार्थी प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को पढ़ाते हैं, इसलिए प्रशिक्षण की गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा।

टीजीटी अंग्रेजी भर्ती नियमों पर हाईकोर्ट सख्त

■ एमडीयू और हरियाणा सरकार से मांगा जवाब

■ बीए में अनिवार्य अंग्रेजी को वैकल्पिक अंग्रेजी के बराबर मानने पर सवाल

चंडीगढ़। हरियाणा में टीजीटी अंग्रेजी शिक्षकों की भर्ती की शैक्षणिक योग्यता पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने बीए में अनिवार्य अंग्रेजी को वैकल्पिक अंग्रेजी के समकक्ष मानने पर सवाल उठाते हुए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग और राज्य सरकार से विस्तृत जवाब मांगा है। अदालत ने पूछा कि भर्ती नियमों में अंग्रेजी को वैकल्पिक विषय के रूप में पढ़ने की स्पष्ट शर्त होने के बावजूद विश्वविद्यालय से समकक्षता का स्पष्टीकरण क्यों लिया गया। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की पीठ ने पूजा यादव और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए एमडीयू के रजिस्ट्रार, कर्मचारी चयन आयोग के उप सचिव और संबंधित विभाग के प्रधान सचिव को हलफनामा दाखिल करने के निर्देश दिए। याचिकाकर्ताओं के अनुसार, उन्होंने 23 जुलाई 2015 को जारी विज्ञापन के तहत टीजीटी अंग्रेजी पदों के लिए आवेदन किया था। वे लिखित परीक्षा में सफल हुए और दस्तावेजों की जांच के बाद साक्षात्कार में भी शामिल हुए।

मिंटू हत्याकांड में तीन दोषियों को राहत

चंडीगढ़। आरक्षण आंदोलन के दौरान हिसार के हांसी क्षेत्र में हुई हिंसा और मिंटू की हत्या के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने तीन आरोपितों को बड़ी राहत दी है। अदालत ने अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों में गंभीर संदेह और आरोपितों के खिलाफ अपराध साबित नहीं होने के आधार पर निचली अदालत का फैसला रद्द करते हुए दलजीत , पवन और सुरेंद्र को सभी आरोपों से बरी कर दिया है। हिसार के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने तीनों को हत्या सहित विभिन्न गंभीर अपराधों में दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा दी थी।

सार्वजनिक सूचना

ठोस कचरा प्रबंधन (SWM) नियम, 2026 का कार्यान्वयन

सफीदों नगर पालिका की सीमा के भीतर रहने वाले सभी निवासियों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, दुकानदारों,संस्थानों और थोक कचरा उत्पादकों (Bulk Waste Generators) को सूचित किया जाता है कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा के निर्देशों के अनुसार, नगर पालिका, सफीदों द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन (SWM) नियम, 2026 को आधिकारिक रूप से लागू कर दिया गया है सफीदों को "स्वच्छ सफीदों हरित सफीदों" बनाने के लिए, प्रत्येक नागरिक के लिए निम्नलिखित नियमों का पालन करना अनिवार्य है :-

• कचरे का अनिवार्य पृथक्करण (Segregation) प्रत्येक घर और प्रतिष्ठान को अपने कचरे को चार श्रेणियों - गीला कचरा (रसोई का कचरा), सूखा कचरा (प्लास्टिक, कागज, कांच), घरेलू खतरनाक कचरा (डायपर, सैनिटरी पैड, बैटरी) और ई-कचरा में अलग-अलग करना होगा। मिश्रित कचरा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

• डोर-टू-डोर कलेक्शन- कचरा केवल नगर पालिका के अधिकृत कचरा संग्रह वाहनों / कर्मचारियों को ही सौंपना होगा।

• कचरा फेंकने और जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध सार्वजनिक स्थानों खाली भूखंडों (प्लॉटों), या नालियों में कचरा फेंकना और खुले में कचरा जलाना सख्त प्रतिबंधित है।

• थोक कचरा उत्पादक- सभी होटल, मैरिज पैलेस, आवासीय सोसायटियां और संस्थान जो प्रतिदिन 100 किलोग्राम से अधिक कचरा उत्पन्न करते हैं, उन्हें अपने गीले कचरे का निपटान और कंपोस्टिंग अनिवार्य रूप से अपने परिसर में ही करनी होगी।

• अनिवार्य यूजर शुल्क- कचरा प्रबंधन सेवा के सुचारू संचालन के लिए प्रत्येक संपत्ति मालिक को निर्धारित मासिक यूजर शुल्क का समय पर भुगतान करना होगा।

उल्लंघन पर जुर्माना और दंडात्मक कार्रवाईइन नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति या प्रतिष्ठान के खिलाफ "प्रदूषक भुगतान सिद्धांत" (Polluter Pays Principle) के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें मौके पर भारी जुर्माना लगाना और कानूनी चालान करना शामिल है। सफीदों को एक स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग अपेक्षित है। ज्यादा जानकारी के लिए QR कोड को स्कैन करे।

आदेशानुसार
सचिव, नगर पालिका, सफीदों (जींद)

पूर्व रेलवे

निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-निविदा-473, दिनांक 12.10.2026, वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता/सा., पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.- झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-निविदा-473, कार्य का नाम : "(i) नोआपाड़ा, एमपीएलई, एमपीएलआर, पीआरडीजी, बीएचडब्ल्यू, टीपीएच में पानी की आपूर्ति एवं ड्रेनेज सुविधा सहित पीएफ सरफेस वाटर बूथ, स्टेशन बिल्डिंग के सुधार" के संबंध में विद्युत कार्य। "(ii) जीजेडएम, जेएमक्यू, केटीजे, सीएमएक्स में पानी की आपूर्ति एवं ड्रेनेज सुविधा सहित पीएफ सरफेस वाटर बूथ, स्टेशन बिल्डिंग के सुधार" के संबंध में विद्युत कार्य। निविदा मूल्य : रु. 97,12,722.16, बयाना राशि: रु. 1,94,300/-, निविदा कागजात का मूल्य : शून्य। ई-निविदा जमा देने की तिथि एवं समय: दिनांक 20.10.2026 से 03.11.2026 को 15.30 बजे तक। वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : वेबसाइट: www.ireps.gov.in सूचना पट: वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट www.ireps.gov.in में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-219/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :-

5837

मनकि पवन कुमार पुत्र कंवल सिहं पुत्र पहलाद, निवासी एवं बिस्वेदार गांव मुण्डाखेड़ा, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2024-25 व इंतकाल न0 2662 तकसीम, के अनुसार खेवट न0 226/179, खाता न0 234, मु0 न0 16, किला न0 20/1/1/1(1-14), किता 1, तादादी रकबा 1 कनाल 14 मरले (0.2125 एकड़) सालम भाग, वाका रकबा मौजा मुण्डाखेड़ा, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 1 कनाल 14 मरले (0.2125 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहरताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :-

SW/JSO/1475

मनकि प्रकाश पुत्र शेरसिहं पुत्र भागमल, निवासी एवं बिस्वेदार गांव बामडोला, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2024-25, के अनुसार खेवट न0 33/16, खाता न0 33, मु0 न0 80, किला न0 11/2(0-7), 20/1(0-8), किते 2, तादादी रकबा 0 कनाल 15 मरले का 1/900 भाग, बकदर 0 कनाल 0.0167 मरला (0.00010 एकड़) वाका रकबा मौजा बामडोला, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को 0 कनाल 0.0167 मरला (0.00010 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

SW/JSO/1476

हमकि (1) हंसो विधवा इन्द्राज पुत्र यादराम, निवासी गांव ईस्माइलपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर व (2) विनोद पुत्री इन्द्राज पुत्र यादराम हाल आबाद विनोद पत्नी गजराज, निवासी काजीपुर, दक्षिणी दिल्ली, दिल्ली-110073 एवं बिस्वेदारान गांव फतेहपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023-24, के अनुसार खेवट न0 101/87, खाता न0 102, मु0 न0 53, किला न0 18/1(3-7), किता 1, तादादी रकबा 3 कनाल 7 मरले का 1/40 भाग (जिसमें हंसो - विनोद हर दो समभाग रहन हिस्सा 1/50 भाग, बिला रहन हिस्सा 1/200 भाग) बकदर 0 कनाल 1.675 मरले (जिसमें भगवाना - हरदेवा पुत्रान कन्हैया पुत्र नत्थवा हर दो समभाग गैर मौरूसीयान दर्ज है) व खेवट न0 102/88, खाता न0 103, मु0 न0 21, किला न0 16(8-0), 25/1(2-18), किते 2, तादादी रकबा 10 कनाल 18 मरले का 1/40 भाग बकदर 0 कनाल 5.45 मरले (जिसमें हंसो - विनोद हर दो समभाग रहन हिस्सा 1/50 भाग, बिला रहन हिस्सा 1/200 भाग) व खेवट न0 202/177, खाता न0 204, मु0 न0 21, किला न0 25/2/2/2(1-10), किता 1, तादादी रकबा 1 कनाल 10 मरले का 1/15 भाग, बकदर 0 कनाल 2 मरले (जिसमें हंसो - विनोद हर दो समभाग रहन हिस्सा 1/30 भाग, बिला रहन हिस्सा 1/30 भाग) उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 0 कनाल 9.13 मरले (0.0570625 एकड़) वाका रकबा मौजा फतेहपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर का तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 21, किला न0 16 मिन मध्य (0-5.45), 25/2/2/2 मिन मध्य (0-2), मु0 न0 53, किला न0 18/1 मिन उत्तर मध्य (0-1.68), किते 3, तादादी रकबा 0 कनाल 9.13 मरले (0.0570625 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 15.10.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0-285, सैक्टर-14,
गुरूग्राम - 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

नए व छूटे मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान

जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ 2244 बीएलओ 20,864 बूथ लेवल कर्मचारी काम में जुटे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी का कार्यालय और भारत निर्वाचन आयोग प्रदेश के प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी उद्देश्य से हरियाणा के सभी विधानसभा क्षेत्रों में नए एवं मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने से छूट गए पात्र मतदाताओं को शामिल करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहे। इसके लिए निर्वाचन विभाग द्वारा सक्रियता से कार्य किया जा रहा है तथा पात्र मतदाताओं को जागरूक करने के साथ-साथ आवश्यक सहायता भी उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रदेश में इस अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए 22 जिला निर्वाचन अधिकारी, 90 निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), 1,778 सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ), 2,244 बीएलओ सुपरवाइजर तथा 20,864 बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) कार्य कर रहे हैं।

शिकायतों एवं सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950

यदि किसी नागरिक को मतदाता सूची से संबंधित कोई शिकायत है या उसे नया नाम दर्ज करवाने के लिए फॉर्म-6 भरने में सहायता चाहिए, तो वह हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क कर सकता है। इसके अतिरिक्त, कार्यालय समय के दौरान संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय अथवा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी के कार्यालय में स्थापित हेल्पडेस्क से भी सहायता प्राप्त की जा सकती है।

मनीषा मौत केस में सीबीआई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

■ सीबीआई आत्महत्या बताकर दाखिल की थी क्लोजर रिपोर्ट, परिवार ने दी चुनौती

चंडीगढ़। भिवानी की शिक्षिका मनीषा मौत मामले में पंचकूला की विशेष सीबीआईअदालत में गुरुवार को अहम सुनवाई हुई। सीबीआई की ओर से दाखिल क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ मनीषा के पिता द्वारा दायर विरोध याचिका पर दोनों पक्षों की बहस पूरी हो चुकी है। अदालत ने याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 28 अक्टूबर को होगी, जिस दिन सीबीआई कोर्ट अपना फैसला सुनाएगी। सीबीआई ने मामले की जांच पूरी करने के बाद 12 अगस्त 2026 को अदालत में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी। अपनी रिपोर्ट में सीबीआई ने मनीषा की मौत को हत्या के बजाय आत्महत्या करार दिया था। हालांकि, मृतका के पिता संजय कुमार सीबीआई के इन निष्कर्षों से संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने तुरंत कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। पिता ने विरोध याचिका के जरिए सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को चुनौती दी और आरोप लगाया कि जांच में कई अहम पहलुओं को नजरअंदाज किया गया है। परिवार की मांग है कि मामले की दोबारा गहन और निष्पक्ष जांच कराई जाए। मनीषा के पिता संजय ने बताया था कि मनीषा को आसपास ढूंढते हुए उस एरिया में गया तो काली स्कॉर्पियों में मौजूद लोग शराब के नशे में थे।

एक नवंबर को हरियाणा आ सकते हैं प्रधानमंत्री मोदी

■ अंबाला में शहीद स्मारक के उद्घाटन की तैयारी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर हरियाणा आ सकते हैं। उनका एक नवंबर को अंबाला छावनी में आने का संभावित कार्यक्रम बताया जा रहा है। इस दौरान करीब 800 करोड़ रुपये की लागत से बने आजादी की पहली लड़ाई के शहीद स्मारक का उद्घाटन प्रस्तावित है। हरियाणा दिवस पर राज्यस्तरीय समारोह में प्रधानमंत्री को आमंत्रित करने की तैयारी है। हालांकि, उनके दौरे की तारीख और कार्यक्रम की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। संभावित दौरे को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू होने के साथ ही भाजपा संगठन में भी सक्रियता बढ़ गई है। प्रधानमंत्री के संभावित दौरे से पहले हरियाणा भाजपा की नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी और सह प्रभारी डॉ. भोला सिंह 22 और 23 अक्टूबर को दो दिवसीय प्रवास पर हरियाणा आएंगे। पंचकूला स्थित भाजपा कार्यालय में होने वाली बैठकों में संगठन की स्थिति, सरकार और संगठन के बीच तालमेल तथा आगामी राजनीतिक रणनीति पर चर्चा होगी। इन बैठकों में मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों, प्रदेश सरकार के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ संवाद किया जाएगा।

जनप्रतिनिधि सम्मेलन में राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि



चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा की ओर से दो नवंबर को पंचकूला स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में होने वाले जनप्रतिनिधि सम्मेलन के समापन सत्र में हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष मुख्य अतिथि होंगे। सम्मेलन की तैयारियों में लगे विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने वीरवार को लोक भवन पहुंच राज्यपाल को सम्मेलन में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया। राज्यपाल ने इस निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार किया। गौरतलब है कि हरियाणा विधान सभा की ओर से 2 नवंबर से संविधान पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत संविधान तथा संसदीय प्रणाली से संबंधित विभिन्न आयोजन करवाने की योजना है।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम सोनीपत	एम.सी. सोनीपत में मुख्य सड़कों, विभिन्न पांडव द्वारों, चौकों और मार्केट क्षेत्र पर डेकोरेटिव, इमर्सिव प्रोजेक्शन और क्रिएटिव डेकोरेटिव लाइटिंग का कंसेप्ट, डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और प्रचालन।	बंद होने की तिथि 21.10.2026	55,16,000/-	https://etenders.hry.nic.in	1302260100 xeeharimcs@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2027/40/50216/I/88/6 दि. 15.10.26

कब्जा सूचना

चूंकि, अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 (2002 का 54) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण ("उक्त एक्ट") के तहत एआरसीआईएल-ट्रस्ट-2026-015 ("एआरसीआईएल" ("एआरसीआईएल") एआरसीआईए

नवरात्र पर विशेष



षष्ठम्-कात्यायनी

भगवती दुर्गा का छठा स्वरूप पुत्री स्वरूपा है। षि कात्यायन के अनुरोध पर देवी उनकी पुत्री के रूप में प्रकट हुई हैं सिंह वाहिनी देवी कात्यायनी ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी भी है। वृंदावन में गोपियों ने श्रीकृष्ण को पति रूप में पाने के लिए देवी के कात्यायनी स्वरूप की ही आराधना की थी। देवी का कात्यायनी स्वरूप धन, वैभव और सुख प्रदाता है। स्वर्णमयी दिव्य स्वरूपा कात्यायनी देवी के तीन नेत्र और अष्ठ भुजाएं हैं। यह प्राणियों के हितार्थ षि कात्यायन की पुत्री के रूप में अवतरित हुई थीं। इनका वर्ग स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है। भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है-

चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्या देवी दानवघातिनी॥

सड़क पर भरे पानी में गिरा श्रमिक, ट्रांसफार्मर के करंट से मौत

फरीदाबाद। संजय कॉलोनी में सड़क पर सीवर के पानी से भरे गड्ढे में गिरने के बाद बिजली का करंट लगने से फैक्ट्री श्रमिक दिनेश तिवारी की मौत हो गई। मंगलवार रात ड्यूटी से घर लौटते समय साइकिल का संतुलन बिगड़ने पर वह ट्रांसफॉर्मर के पास गिर गए, जहां नीचे लटकते तारों से करंट लगने की बात सामने आई है। घटना के बाद नगर निगम ने जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मृतक दिनेश शिव कालोनी में दिव्यांग पत्नी व तीन बेटियों के साथ रहता था। दिनेश अपनी बड़ी बेटी भूमिका की शादी के लिए लड़का देख रहा था। अब परिवार से इकलौता कमाने वाला छिन गया।

गुरुवार सुबह 4 बजे सोनीपत की फैक्टरी में आग से मचा हड़कंप, करीब 6 घंटे में बुझाई जा सकी

गद्दा फैक्टरी में भीषण आग, चाचा-भतीजे के कंकाल मिले, 4 झुलसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गांव बारोटा के पास सफियाबाद रोड स्थित लीजेंड पॉलीफॉर्म प्राइवेट लिमिटेड की गद्दा फैक्टरी में वीरवार तड़के भीषण आग लग गई। आग बुझाने में दमकल विभाग की टीम को करीब सवा छह घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। आग बुझने के बाद अंदर से दो श्रमिकों के कंकाल मिले। उनकी पहचान उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के हरदी गुदरिया गांव निवासी कैलाश (34) और उसके भतीजे सुनील (19) के रूप में होने की आशंका है। पहचान की पुष्टि के लिए डीएनए जांच कराई जाएगी। हादसे में चार अन्य श्रमिक पवन, राजेश, हरि और प्रेम सागर भी झुलस गए। इनमें राजेश की हालत गंभीर बताई जा रही है। दिल्ली निवासी राहुल की इस फैक्टरी में गद्दे बनाने के साथ गोदाम भी था। बुधवार रात की पाली में 30 से 35 श्रमिक काम कर रहे थे। वीरवार सुबह करीब चार बजे अचानक आग लग गई। फैक्टरी में फोम और गद्दे बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री रखी होने के कारण आग तेजी से फैल गई। आग बुझाने के लिए सोनीपत और राई से आठ दमकल गाड़ियां बुलानी पड़ीं।

एसडीआरएफ रोहतक के टीम प्रमुख राजेश कुमार ने बताया कि फैक्टरी में फोम की सामग्री में आग लगने की सूचना मिली थी। दो युवकों के लापता होने की सूचना के बाद तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें कंकाल बरामद हुए हैं। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।



सोनीपत। बारोटा गांव में गद्दा फैक्टरी में लगी आग।

डीएनए जांच से होगी शवों की पहचान

थाना कुंडली के प्रभारी इंस्पेक्टर रवि ने बताया कि हादसे में दो श्रमिकों की मौत होने की आशंका है। दोनों रिश्ते में चाचा-भतीजा बताए जा रहे हैं। परिजनों के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। शवों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए डीएनए परीक्षण कराया जाएगा।

गोशाला में पानी के गड्ढे में डूबने से दो भाइयों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

शाहपुर तगा स्थित बाबा मोहनदास 108 गोशाला में दर्दनाक हादसे में दो मासूम भाइयों की जान चली गई। दोनों के शव वीरवार शाम को गोशाला परिसर में खोदे गए पानी से भरे गड्ढे में मिले। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के बिनौली गांव के रहने वाले संदीप के सात वर्षीय बेटे सागर और छह वर्षीय कार्तिक के रूप में हुई है। संदीप गोशाला में चारा डालने का काम करता है। वह एक दिन पहले ही परिवार के साथ गोशाला में आया था। बताया गया है कि गोशाला में शेड निर्माण के लिए पिलर लगाने के उद्देश्य से गड्ढा खोदा गया था। बारिश के कारण इसमें पानी भर गया था। वीरवार शाम को दोनों बच्चे खेलते हुए गड्ढे में गिर गए। बच्चे न मिलने पर खोजबीन की गई तो दोनों गड्ढे में मृत मिले। हादसे की सूचना पर थाना बड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू कर दी।



थार गाड़ी में गो तस्करी का खुलासा, दो आरोपी फरार

वांछित गो तस्कर शाहिद की एनकाउंटर में मौत एक युवती ने भी खुद को गोली मार दी जान

कासिम खान ▶▶ नूंह

थाना रोजका मेव की सीमा में गांव भीरावटी के नजदीक गुरुवार सुबह वांछित गोतस्कर शाहिद उर्फ आडवाणी की पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से मौत हो गई, जबकि दो उसके साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके से थार गाड़ी, दो गोवंश, एक देसी बंदूक और कारतूस बरामद किए हैं। मामले की मजिस्ट्रेट जांच जारी है। पुलिस भी इस मामले में बयान देने से बच रही है।

शाहिद की मौत के चंद घंटे बाद ही उसके गांव खड़खड़ी, तावडू की ही एक लड़की ने खुद को गोली मारकर अपनी जान दे दी। बताया जा रहा है कि युवती शाहिद की एनकाउंटर में मौत की खबर सुनने के बाद दुखी थी। युवती के पिता फिलहाल जेल में बताए गए हैं। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। दूसरी तरफ शाहिद के एनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए ग्रामीणों और इलाके के लोगों ने मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। विरोध के चलते पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 4 बजे फिरोजपुर झिरका सीएस स्टाफ को सूचना मिली थी कि वांछित अपराधी शाहिद एक थार गाड़ी में गोवंश भरकर ले जा रहा है। नूंह - गुरुग्राम सीमा के नजदीक पुलिस ने नाकाबंदी की।

भिरावटी गांव के पास आरोपी ने पुलिस की गाड़ी में टक्कर मारने की कोशिश की और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की क्रॉस फायरिंग में उसे गोली लगी। घायल को सोहना के सामान्य अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।



नूंह। भीड़ को समझाते अधिकारी। इनसेट में शाहिद का फाइल फोटो।

अस्पताल में हंगामा और धरना

एनकाउंटर को लेकर कुछ ग्रामीणों और मृतक के परिजनों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए। इसको लेकर नल्हड़ मेडिकल कॉलेज में हंगामा भी हुआ। परिजन धरने पर बैठ गए। सूचना पर तावडू डीएसपी अभिमन्यु लोहान और कुंवर आदित्य विक्रम एसडीएम नूंह मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन ने बताया कि इस मामले में न्यायिक जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है।

41 केस थे दर्ज

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार 37 वर्षीय शाहिद उर्फ आडवाणी ने वर्ष 2005 में चोरी की वारदात से जुर्म की दुनिया में कदम रखा था। 10 -12 साल की उम्र में ही वह चोरी में पड़ गया था। नाबालिग अवस्था में ही उसे पुलिस की गोली लगी थी। पुलिस के मुताबिक उसके खिलाफ अब तक 41 मामलों का खुलासा हुआ है, जिनमें सबसे ज्यादा मामले गो तस्करी के हैं।

सिरसा, टोहाना और गुरुग्राम में पत्नियों को उतारा मौत के घाट

पत्नी की हत्या करने के बाद खुद फंदे पर झूला युवक, कंपनी को ईमेल से दी सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-68 स्थित एम3एम मरीना सोसाइटी में एक व्यक्ति पत्नी की हत्या कर खुद फंदे पर झूल गया। मरने से पहले उसने अपनी कंपनी में ईमेल से इसकी सूचना दी, जिसके बाद वारदात का खुलासा हुआ।

30 वर्षीय मोहम्मद असलम केरल का मूल निवासी था। वह गुरुग्राम में एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। अपनी पत्नी 28 वर्षीय फरहाना के साथ वह किराये पर रहता था। घटना से पहले असलम ने अपनी कंपनी को एक ईमेल भेजा था। ईमेल में उसने अपने पिता और मकान मालिक का नंबर लिखा था। उसने कंपनी से इन दोनों को घटना के बारे में सूचित करने को कहा था। कंपनी के अधिकारियों ने इसकी जानकारी फ्लैट मालिक को दी, जिसने बादशाहपुर थाना पुलिस को जानकारी दी। जब पुलिस ने फ्लैट के भीतर प्रवेश किया, तो वहां महिला का शव फर्श पर पड़ा मिला और असलम का शव भी वहां फांसी के फंदे पर पाया गया।

कस्सी से गला काटकर पत्नी की हत्या

फतेहाबाद। टोहाना में गुरुवार अलसुबह एक पति ने घरेलू विवाद के चलते पत्नी की कस्सी से गला काटकर हत्या कर दी और फरार हो गया। मृतका की पहचान बलविंदर कौर पत्नी निर्मल सिंह के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 9 बजे हिम्मतपुरा गांव के सरपंच ने पुलिस को सूचना दी कि गांव चंदा सिंह की ढाणी में एक महिला की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज ओमप्रकाश जांगड़ा पुलिस टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का मुआयना करने पर पाया कि मकान के आंगन में रखी एक चारपाई पर बलविंदर कौर का खून से लथपथ शव पड़ा हुआ था। शव के पास ही एक कस्सी मिली है, जिससे हत्या करने की आशंका है। मृतका के दो बच्चे हैं। एक बेटा मनप्रीत चार वर्षों से इंग्लैंड में रह रहा है और बेटी की शादी हो चुकी है। आरोपी निर्मल सिंह के पास गांव में चार एकड़ कृषि भूमि है जिसे वह ठेके पर देता था। घर में दोनों पति-पत्नी ही अकेले रहते थे। मृतका बलविंदर कौर के भाई भूपेंद्र सिंह की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।



मिस्त्री ने पत्नी की हत्या कर लगाई फांसी

सिरसा। शहर के दशमेश नगर में एक चिनाई मिस्त्री द्वारा पत्नी की हत्या कर खुद फांसी लगाने के मामले में पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। बुधवार रात दशमेश नगर में एक महिला की उसके पति ने डंडे से सिर पर वार कर हत्या कर दी और बाद में खुद भी फांसी लगा ली। मृतकों की पहचान शीला देवी (42) और उसके पति चंद्रप्रकाश (44) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद चल रहा था। शवों के पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर राजस्थान के राजगढ़ स्थित अपने घर के लिए रवाना हो गए। जांच अधिकारी के अनुसार, मौके पर सीन ऑफ क्राइम की टीम को बुलाया गया है और घटना की जांच की जा रही है।

पूर्व सूचना आयुक्त से 25 लाख की रंगदारी मांगी

- पुरानी फर्म के चेक चोरी से जुड़ा हुआ है मामला, पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर 3 पर केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

पूर्व राज्य सूचना आयुक्त एवं उद्यमी अशोक मेहता से 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगने पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस मामले में उत्तर प्रदेश और ओडिशा के रहने वाले आरोपियों पर एक पुरानी फर्म का चेक चोरी कर उसे कूटरचित करने और एक करोड़ रुपये से अधिक का फर्जी मामला बनाकर ब्लैकमेल करने का भी आरोप है। पुलिस के अनुसार, अशोक मेहता रुबिकॉन मेन्युफैक्चरिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। उनकी ओर से उप-मंडलीय न्यायिक दण्डाधिकारी चेतेश गुप्ता की अदालत में याचिका दायर की थी। इसमें चेक की चोरी और फर्जीवाड़े की शिकायत दी गई थी। शिकायत में बताया था कि कंपनी के पूर्व अकाउंटेंट संग्राम परिडा निवासी भुवनेश्वर, ओडिशा ने फैक्टरी संचालन के दौरान मिलीभगत कर, फर्म का एक ब्लैंक चेक चोरी कर लिया था। आरोपी पंकज ढींगरा और प्रियंका निवासी गांधी कॉलोनी उत्तरप्रदेश ने उस चोरी किए गए चेक पर 1 करोड़ रुपये से अधिक की फर्जी राशि भरकर मुजफ्फरनगर की अदालत में धारा 138 का झूठा और फर्जी मामला दर्ज करा दिया।

अगस्त 2025 में आरोपी पंकज ढींगरा अपने साथियों के साथ शिकायतकर्ता के आवास पर जबरन घुस गया। मामले को रफा-दफा करने के एवज में 25 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की। आरोपियों ने धमकी दी कि यदि पैसे नहीं दिए तो उन्हें और उनके परिवार को उत्तर प्रदेश के गुर्गों से खत्म करवा दिया जाएगा। अब इस मामले में एसडीजेएम चेतेश गुप्ता की अदालत के निर्देशों के बाद पुलिस ने पंकज ढींगरा व प्रियंका ढींगरा और पूर्व अकाउंटेंट संग्राम परिडा के खिलाफ केस दर्ज किया हे।

युवा पहलवान ने फांसी लगा दी जान

नारनौंद। गांव बास में 18 वर्षीय पहलवान धीरेंद्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने तीन युवकों को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। गांव बास निवासी संजय ने बताया कि उसके चाचा का लड़का 18 वर्षीय धीरेन्द्र भिवानी में भीम स्टेडियम में प्रैक्टिस करता था। धीरेंद्र ने 14 अक्टूबर को भैंसों के घेर में फंदा लगा लिया। उसने सुसाइड नोट में प्रेमनगर के मनजीत, शक्ति व विक्की को जिम्मेदार ठहराया। वह 14 अक्टूबर को घर से 48 हजार रुपये भी लेकर गया था।

पाइप पर ब्रांडेड कंपनी का लोगो लगाकर बेचने वाली फैक्ट्री पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

थाना मॉडल टाउन पुलिस ने उत्तम नगर में एक ब्रांडेड कंपनी के नाम पर नकली पीवीसी पाइप बनाने वाली फैक्ट्री पर रेड करने के बाद 71 पाइप और दो डाई मशीन बरामद की हैं। कंपनी संचालक के खिलाफ मॉडल टाउन थाना पुलिस ने धोखाधड़ी और कॉपी राइट एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

कंपनी प्रतिनिधि ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि उत्तम नगर में चल रही एक प्लास्टिक पाइप बनाने वाली फैक्ट्री में पाइपों पर उनकी कंपनी का लोगो लगाया जाता है। इस सूचना पर रेड की गई तो संचालक मौके से भाग गया।



गायक मीता बरोदा राजस्थान में झगड़ा होने पर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणवी गायक मीता बरोदा का राजस्थान के सीकर में अपने गाने 'बहू बावली' के प्रमोशन के दौरान झगड़ा हो गया। मीता की राजस्थानी गायक पूजा डोटासरा के ग्रुप के लोगों के साथ हाथापाई हो गई। इसकी सूचना मिलते ही राजस्थान पुलिस मौके पर पहुंची। सिंगर मीता बरोदा समेत दोनों पक्षों के चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, होटल में बिना अनुमति के प्रमोशनल इवेंट चल रहा था, जिसमें बड़ी संख्या में इनफ्लुएंसर और यूट्यूबर्स पहुंचे थे। मीता बरोदा ने कहा कि आयोजकों ने प्रशासन से मंजूरी नहीं ली थी। वहां दो पक्षों में झगड़ा हो गया। मेरे गाने की प्रमोशन थी, इसीलिए मेरा नाम भी एफआईआर में आ गया। कुछ घंटे में थाने से ही जमानत हो गई थी।



फैसला फसल का सही दाम न मिलने पर किसान पहुंचा अदालत

ओवरसाइज मूली उगी, बीज कंपनी पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हाइब्रिड बीज से मूली ओवरसाइज उगने पर किसान को काफी नुकसान झेलना पड़ा। मूली की जड़ें सामान्य से काफी बड़ी होने के कारण किसान को बाजार में उचित भाव नहीं मिल सका। इससे पीड़ित किसान जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग पहुंचा। सुनवाई के बाद आयोग ने बीज निर्माता कंपनी को 50 हजार रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है।

गांव अरुआ निवासी रामेश्वर ने 3 नवंबर 2023 को बल्लभगढ़ के एक बीज भंडार से एफ-1 हाइब्रिड एवोरी व्हाइट मूली के बीज खरीदे थे। किसान के अनुसार, बीज के 8 पैकेट लिए थे, जिनकी कीमत 300 रुपये प्रति पैकेट थी। रामेश्वर के अनुसार, उसने बीज कंपनी के दावों पर भरोसा करके फसल की बुवाई की, लेकिन तैयार हुई मूली का आकार सामान्य से काफी अलग था। इसके चलते उसे बाजार में बिक्री के दौरान नुकसान उठाना पड़ा। मामले की सर्वे रिपोर्ट में मूली के आकार का ब्योरा दर्ज किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, पौधों की लंबाई 60 से 100 सेंटीमीटर, जड़ों की लंबाई 40 से 50 सेंटीमीटर और मोटाई 8 से 10 सेंटीमीटर तक पाई गई।



- सर्वे में 40 से 50 सेंटीमीटर तक मिली जड़ें, सामान्य से लगभग दोगुनी, कंपनी को देना होगा 50 हजार मुआवजा

किसान ने 3.22 लाख रुपये मांगे थे

रामेश्वर ने उपभोक्ता आयोग में शिकायत देकर फसल के नुकसान के लिए 2 लाख रुपये, मानसिक परेशानी के लिए 1 लाख रुपये और मुकदमे पर खर्च हुए 22 हजार रुपये दिलाने की मांग की थी। शिकायत में बीज की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए गए थे। आयोग ने उपलब्ध रिपोर्ट और तथ्यों पर विचार करते हुए माना कि मूली का आकार सामान्य से लगभग दोगुना था। इससे उसकी बिक्री और मिलने वाले दाम प्रभावित हुए।

हरियाणा सरकार
Vita
THE HISAR JIND COOP. MILK PRODUCERS UNION LTD
An ISO 9001:2015 and ISO 22000:2018 Certified Unit

निजी स्थान पर वीटा बूथों का आवंटन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है वीटा दूध एवं दुग्ध उत्पादों की बिक्री हेतु, जिनके पास निजी जगह उपलब्ध है, ऐसे इच्छुक व्यक्तियों को मिल्क प्लांट जींद द्वारा वीटा मिल्क बूथ आवंटित किए जाएंगे।

1. **स्थान की उपलब्धता:** आवेदक के पास वीटा उत्पादों की बिक्री के लिए कम से कम 4 मीटर × 4 मीटर माप की अपनी उपयुक्त भूमि/स्थान होना अनिवार्य है।
2. **परिचालन व्यय:** वीटा बूथ संरचना की लागत और सभी परिचालन व्यय (बिजली, पानी के शुल्क आदि) का वहन आवेदक द्वारा स्वयं किया जाएगा।
3. **सुरक्षा राशि:** 50,000 रुपये वापसी योग्य (REFUNDABLE)
4. **प्रसंस्करण शुल्क** (PROCESSING FEES): 500 रुपये गैर-वापसी योग्य (NON-REFUNDABLE)
5. गरीबी रेखा से नीचे (BPL) एवं मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना **के अंतर्गत आने वाले आवेदक के लिए सुरक्षा राशि निःशुल्क है व आवेदन फार्म शुल्क 100 रुपये है।**

इच्छुक व्यक्ति बिक्री/विपणन विभाग, वीटा मिल्क प्लांट जींद से आवेदन-पत्र (जिसका मूल्य 500 रुपये है) प्राप्त कर, निर्धारित शुल्क, सुरक्षा राशि एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित THE HISAR JIND COOPERATIVE MILK PRODUCERS UNION LIMITED के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन-पत्र एवं अन्य संबंधित दस्तावेज QR कोड स्कैन करके भी डाउनलोड किए जा सकते हैं।

आवेदन-पत्र किसी भी कार्य दिवस को सायं 4:00 बजे तक जमा करवाए जा सकते हैं।

अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कारण बताए यह आवंटन प्रक्रिया रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।



हरियाणा में स्थित साइट के लिए हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है। न्यूनतम शैक्षिक योग्यता 10वीं कक्षा पास होना अनिवार्य है। आवेदक की आयु सीमा 18 से 55 वर्ष होनी चाहिए। विस्तृत नियम एवं शर्तें तथा आवेदन-पत्र वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। www.vita.haryana.gov.in

- किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें: श्री वीरेन्द्र सिंह (9996599440)
श्री नविश कुमार (9034352483)

QR कोड स्कैन करें

VITA MILK PLANT NEW HANSI ROAD PATIALA CHOWK JIND-126102
Phone No. 01681-225776, 225772, 9896476401 | E-MAIL: vitajind@gmail.com

जियो के एमडी ने कहा, कंपनी प्रति गीगाबाइट डेटा के लिए लेती है 4.9 रुपये

जियो शुल्क बढ़ाने के बजाय अतिरिक्त सेवाओं से बढ़ाएगी आय: आकाश अंबानी

कंपनी के ग्राहकों की औसत मासिक डेटा खपत 43.7 जीबी है

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल एवं दूरसंचार इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स के प्रबंध निदेशक आकाश अंबानी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अपना प्रति ग्राहक औसत राजस्व (एआरपीयू) बढ़ाने के लिए कंपनी शुल्क बढ़ाने के बजाय अतिरिक्त सेवाओं की पेशकश पर अधिक ध्यान देगी, लेकिन जरूरत पड़ने पर दरें बढ़ाने का विकल्प भी है। जियो प्लेटफॉर्म्स के प्रस्तावित 30,213 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अंबानी ने कहा कि कंपनी प्रति गीगाबाइट डेटा की कीमत बढ़ाने के बजाय ग्राहकों को अतिरिक्त सेवाएं देकर उनसे अधिक राजस्व अर्जित करना चाहती है। उन्होंने कहा, ''हमारे पास शुल्क बढ़ाने की क्षमता हमेशा रहती है।''

दूरसंचार उद्योग का औसत लगभग 7.5 रुपए

शुल्क बढ़ाने की कोई समयसीमा नहीं बताई

हालांकि, उन्होंने शुल्क बढ़ोतरी की कोई समयसीमा नहीं बताई। उन्होंने कहा कि 2016 में जियो के दूरसंचार बाजार में कदम रखने के बाद से भारत की प्रति व्यक्ति आय में दूरसंचार पर प्रति उपयोगकर्ता खर्च की हिस्सेदारी घटकर करीब एक प्रतिशत रह गई है, जो पहले की तुलना में लगभग आधी है।



बाजार में सबसे बड़ी हिस्सेदारी चाहता है जियो

आकाश अंबानी ने कहा कि जियो प्रति गीगाबाइट डेटा के लिए करीब 4.9 रुपये लेती है, जबकि उद्योग का औसत लगभग 7.5 रुपये है। कंपनी के ग्राहकों की औसत मासिक डेटा खपत 43.7 जीबी है। उन्होंने भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के वित्त वर्ष 2030-31 तक 1,400 अरब डॉलर का होने का अनुमान जताते हुए कहा कि जियो इसमें बड़ी बाजार हिस्सेदारी हासिल करना चाहती है।

शेयर का मूल्य दायरा 1,065 से 1,119 रुपये

अंबानी ने कहा कि विदेशी कारोबार से होने वाली आय की हिस्सेदारी कंपनी के शुरुआती अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों के जुड़ने के बाद स्पष्ट होगी। कंपनी विवरण के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में उसके कुल राजस्व में भारत की हिस्सेदारी 96.62 प्रतिशत थी। जियो प्लेटफॉर्म्स ने आईपीओ के लिए प्रति शेयर 1,065 से 1,119 रुपये का मूल्य दायरा तय किया है। निर्गम में 10 रुपये अंकित मूल्य वाले अधिकतम 27 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे।

2030 तक 6जी सेवाएं शुरू करने की स्थिति में

आकाश अंबानी ने कहा कि कंपनी 6जी प्रौद्योगिकी पर काम कर रही है और 2030 के दशक की शुरुआत में इसे वाणिज्यिक रूप से शुरू करने की स्थिति में होगी। जियो 6जी नेटवर्क शुरू करने के लिए नए बुनियादी ढांचे के निर्माण के बजाय सॉफ्टवेयर अपडेट आधारित व्यवस्था पर विचार कर रही है।

5जी आधार सबसे बड़ा

अंबानी ने कहा कि चीन के बाहर जियो का 5जी ग्राहक आधार सबसे बड़ा है। इस दौरान कंपनी का एआरपीयू 215.6 रुपये रहा। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 में 76,225 करोड़ रुपये का कर-पूर्व लाभ दर्ज किया था। वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2025-26 के बीच इसमें 17.8 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर रही।

जियो फिक्स्ड ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या 2.86 करोड़

अंबानी ने घरेलू ब्रॉडबैंड को कंपनी की वृद्धि का प्रमुख आधार बताया। उनके मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में जियो के फिक्स्ड ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या 2.86 करोड़ थी और देश में इस दौरान जुड़े नए फिक्स्ड ब्रॉडबैंड ग्राहकों में कंपनी की हिस्सेदारी 67.5 प्रतिशत रही। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 से वित्त वर्ष 2030-31 के बीच देश में 4जी और 5जी ग्राहकों की संख्या में उद्योग स्तर पर 34 करोड़ की वृद्धि होने का अनुमान है।



रुपया 12 पैसे की बढ़त के साथ 95.05 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपए में बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और यह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 12 पैसे मजबूत होकर 95.05 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के विदेशी मुद्रा बाजार में लगातार किए जा रहे संरचनात्मक हस्तक्षेपों के असर के बीच घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। कारोबारियों ने रुपये में लगातार आ रही मजबूती का श्रेय केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप और डॉलर में तेजी की उम्मीद पर लगाए गए सौदों को वापस लेने को दिया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.95 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 94.86 के उच्च स्तर तक गया और 95.11 के निचले स्तर तक आया।

रुपये की मजबूती से सोने की चमक फीकी पड़ी, चांदी भी 6,000 टूटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रुपये में मजबूती और हाजिर मांग कमजोर रहने से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज की गई। सोना 900 रुपये टूटकर 1,49,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव सभी करों सहित 900 रुपये घटकर 1,49,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। बुधवार को सोना 1,50,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।चांदी की कीमतों में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। इसका भाव पिछले बंद स्तर 2.21 लाख रुपये प्रति किलोग्राम से 6,000 रुपये घटकर 2.15 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। ये कीमतें सभी करों सहित हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि रुपये में मजबूती और भौतिक बाजार में कमजोर मांग के कारण घरेलू बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों पर दबाव बना रहा।

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
In the Court of Harsimran Kaur Keron, Civil Judge Junior Division, Bahadurgarh
HARIOM S/O DAYANAND
Vs.
STATE OF HARYANA, THROUGH COLLECTOR ITS, JHAJJAR
CS-621-25
CNR No. HRJRA0-001154-2025
Next Date:- 05.11.2026
PUBLICATION ISSUED TO:
NO4. GENERAL PUBLIC
JHAJJAR
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 05.11.2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Harsimran Kaur Keron, JMIC/CJ (JD) Bahadurgarh
Dated, this day of 14.10.2026

ई-नीलामी सूचना
(आग से क्षतिग्रस्त बिल्डिंग का मलबा, शटर, लोहे की खिड़कियां और स्टॉक)
इच्छुक खरीदारों से ई-नीलामी के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। यह बिक्री "जैसी है, जहां है" के आधार पर होगी। इसमें शामिल हैं: i) आग से क्षतिग्रस्त बिल्डिंग का मलबा, भारी लोहा, 1 शटर और लोहे की खिड़कियां (लगभग 5,900 किलोग्राम), ii) बिल्डिंग का मलबा - शीटें (लगभग 1,500 किलोग्राम), और iii) धागा (yarn), बाथमैट, दरियां और पाइप कवरिंग का स्टॉक (जो जलकर राख हो चुका है)। यह सामान M/s आरव ओवरसीज, छोटाला रोड, सेवाह, न्यू बस स्टैंड के पास, सरला टेक्सटाइल्स के निकट, पानीपत, हरियाणा - 132103 का है। इसे 16/10/26 से 22/10/26 के बीच देखा जा सकता है, जिसके लिए आपको पहले श्री नितिन (8810331841) से अपॉइंटमेंट लेना होगा। ई-नीलामी 23/10/26 को आयोजित की जाएगी। ई-नीलामी फॉर्म के लिए, खुशी से मोबाइल नंबर 9990857386 पर संपर्क करें।
साल्वर सेटलर्स प्राइवेट लिमिटेड (नीलामीकर्ता)
पता: 203, द्वितीय तल, उषा किरण बिल्डिंग, आजादपुर वाणिज्यिक परिसर आकाश सिनेमा के पास दिल्ली - 110033 या वेबसाइट से डाउनलोड करें:
www.salvorsettlers.com
ई-नीलामी फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 23/10/26 दोपहर 12:30 बजे से पहले है।

कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8(1)
चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आई आईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एनएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

कर्जदार(गें)/ सह-कर्जदार(गें) का नाम	प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन	कुल बकाया देय (रु.)	डिमांड नोटिस की तिथि	कब्जे की तिथि
श्री बुधराम श्रीमती नान्ही देवी बुधराम (प्रोस्पैक्ट नं. IL10782793)	खेवट नं. 54/57 उचाना, लोधर, जीन्द, हरियाणा-126115 में सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Area_Admeasuring सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2880	रु. 1032398.68/- (रुपये दस लाख बत्तीस हजार तीन सौ अठानवे और अड़सठ पैसे केवल)	09-06-2026	13-10-2026

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ-41पी, प्रथम तल, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।
स्थान : हरियाणा, दिनांक : 16.10.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

IFSCA
अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवाएं केंद्र प्राधिकरण
द्वितीय एवं तृतीय तल, प्रज्ञा टावर, गिफ्ट सिटी, गांधीनगर, गुजरात
फाइल सं. : 73/आईएफएससीए/परामर्शदाता/2020-21 9 अक्टूबर, 2026
रिक्ति अधिसूचना
अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवाएं केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए), आर्थिक मामलों का विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक वैधानिक एकीकृत नियामक निकाय, अनुबंध आधार पर युवा पेशेवर/परामर्शदाताओं के विभिन्न पदों को भरने के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है। पदस्थ करने का स्थान गिफ्ट सिटी, गांधीनगर, गुजरात है।
2. आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों से विस्तृत रिक्ति अधिसूचना/ओं तथा जारी किए गए शुद्धिपत्रों के लिए www.ifsca.gov.in/career देखने का आग्रह किया जाता है।
महाप्रबंधक
सीबीसी 15228/11/0002/2627 सामान्य प्रशासन विभाग

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा, भिवानी	एचटीईटी-2026 हेतु वीडियोग्राफी।	14.10.2026 24.10.2026	रु. 40,00,000/-	http://www.bseh.org.in	7988665495 ascc@bseh.org.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50227/1/88/6 दि. 15.10.26

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा, भिवानी	एचटीईटी-2026 परीक्षा और अन्य परीक्षाओं के लिए मैटल डिटेक्टर द्वारा तलाशी लेना।	15.10.2026 02.11.2026	रु. 40,00,000/-	http://www.bseh.org.in	9466568111 ascc@bseh.org.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50236/1/88/6 दि. 15.10.26

हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड, हिसार
अनाजों की नीलामी सूचना
सर्व साधारण जनता एंव ठेकेदारों को सूचित किया जाता हैं कि राजकीय पशुधन फार्म, हिसार के विभिन्न स्टोरो में भण्डारित निम्न अनाजों की नीलामी दिनांक 22.10.2026 को प्रातः 11:00 बजे दी हिसार को-ऑप्रेटिव मार्केटिंग सोसायटी, दुकान नं0 187, नई अनाज मण्डी, हिसार के माध्यम से की जायेगी। अतः इच्छुक बोलीदाता दिनांक 22.10.2026 को प्रातः 11:00 बजे नीलामी में उपरोक्त सोसायटी के माध्यम से भाग ले सकते है।

Sr.No.	Name of Sector	Total Grain for auction in Qtl.
1.	Raya Sarson	2124.95
2.	China Sarson	159.14
3.	Oat	309.70
4.	Berseem	7.00
5.	Berseem Process	7.38
6.	China Process	39.00
7.	Jwar Under Size	0.95
8.	Chinese Cabbage Under Size	6.80
9.	Barley	732.55
10.	Barley Under Size	0.80

हस्ता/- आदान एवं संवितरण अधिकारी,
हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड, हिसार।

उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से व.मं.यां. अभि./कै. एवं वै. अम्बाला के द्वारा ई टेंडर संख्या **116S-WC-32-MC-4-2026-27** के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसके बंद होने की तिथि व समय **05.11.2026, 11:00** है, जो उसी दिन **11:30 बजे** वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से सम्बंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।
ई निविदा सूचना सं. - 116S-WC-32-MC-4-2026-27

क्र. सं.	कार्य का नाम	एटवरटाईजड वैल्यू	धरोहर राशि	कार्य की अवधि	निविदा खुलने की तिथि
1	कैरेज एंड वैगन डिपो चंडीगढ़ में उपस्थित LWFCWAC कोचों का आधुनिकीकरण (Upgradation) करने हेतु	Rs. 49,89,605.81	Rs. 99,800.00	02 month	05.11.2026

नोटः 1. टेंडरर द्वारा निविदा दस्तावेज के साथ सभी संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करना आवश्यक है। **2.** निविदा सूचना / निविदा दस्तावेज की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें।
सं.: 116S-WC-32-MC-4-2026-27 दिनांक: 14.10.2026 3600/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से व.मं.यां. अभि./कै. एवं वै. अम्बाला के द्वारा ई टेंडर संख्या **116S-WC-33-MC-4-2026-27** के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसके बंद होने की तिथि व **05.11.2026, 11:00** है, जो उसी दिन **11:35 बजे** वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से सम्बंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।
ई निविदा सूचना सं. - 116S-WC-33-MC-4-2026-27

क्र. सं.	कार्य का नाम	एटवरटाईजड वैल्यू	धरोहर राशि	कार्य की अवधि	निविदा खुलने की तिथि
1	अम्बाला कैंट के बीसीएन (BCN) डिपो में कवर्ड वैगनों (ढके हुए माल डिब्बों) के लिए शावर टेस्टिंग (पानी की बौछार से रिसाव जांच) सुविधाओं का प्रावधान	Rs. 34,62,120.00	Rs. 69,300.00	03 month	05.11.2026

नोटः 1. टेंडरर द्वारा निविदा दस्तावेज के साथ सभी संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करना आवश्यक है। **2.** निविदा सूचना / निविदा दस्तावेज की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें।
सं.: 116S-WC-33-MC-4-2026-27 दिनांक: 14.10.2026 3601/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा-135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित करता है :-

कार्य का नाम	568 दिनों में दुकानों (शॉप्स) और स्टोर डिपो के बीच स्क्रैप (कबाड़) निपटान तथा नई सामग्री के कार्य का आउटसोर्सिंग।		
निविदा प्रकार	खुला	बोली प्रणाली	एकल पैकेट प्रणाली
निविदा विक्रय समापन तिथि	29.10.2026 प्रातः 11:30 बजे	निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय	14.10.2026 17:34
पूर्व-बोली आवश्यक है	नहीं	आज तक प्री-बिड क्वेरी	ना
विज्ञापन मूल्य	रु. 11,83,838.66/- सभी कर जीएसटी आदि सहित।	निविदा अनुभाग	टेंडर एवं वर्क्स/ इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप
अग्रिम धन	रु. 23,700/-	ऑफर की वैधता	60 दिन
निविदा दस्तावेज लागत	Nil (अप्रैल 2022 के भाग-I खंड संख्या 3 के अनुसार)	समापन की अवधि	568 दिन
बोली आरंभ तिथि	15.10.2026	बोली समाप्ति तिथि	29.10.2026 प्रातः 11:30 बजे
निविदा खोलने की तिथि एवं समय	उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है।		
वेबसाइट	www.ireps.gov.in पर जाएं		

56/W/Elect/24-25/T/1/RT स्क्रैप निपटान
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3594/26

हरिभूमि **क्लासीफाइड विज्ञापन**

ज्योतिष

कहते नहीं करके दिखाते है
सभी समस्याओं का समाधान
जैसा चाहोगे करके दूगां
कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा
A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

दुआ भी तकदीर बदल देती है
तांत्रिक मास्टर किंग का एलान
भटको चाहे जिधर काम होगा इधर
2 घंटे में समाधान
प्रेम विवाह, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, नौकरी, कारोबार में बाधा आदि।
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मूठकरनी
मियां मलिक जी
9711428545
सारे इल्मों के माहिर

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

बाजार में तूफानी तेजी से सेंसेक्स 1,534 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को जोरदार तेजी आई। कच्चे तेल के दाम में नरमी के बीच बैंक, आईटी तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भारी लिवाली से मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 1,534 अंक चढ़कर तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया जबकि निफ्टी 23,000 अंक के करीब रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,533.72 अंक चढ़कर 74,315.61 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,548.4 अंक चढ़कर 74,330.29 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 374.65 अंक चढ़कर 22,997.35 अंक पर बंद हुआ। यह निफ्टी का 25 सितंबर के बाद उच्चतम स्तर है।



इन शेयरों में रहा नफा-नुकसानः सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में टेक महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 4.61 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक में 4.17 प्रतिशत, भारती एयरटेल में 2.94 प्रतिशत, इटर्नल में 2.77 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 2.58 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक में 2.51 प्रतिशत और टीसीएस में 2.28 प्रतिशत की तेजी रही।

बेरोजगारी दर सितंबर में पांच प्रतिशत पर स्थिर रही

नई दिल्ली। देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की बेरोजगारी दर सितंबर, 2026 में पांच प्रतिशत पर स्थिर रही। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार, अगस्त, 2026 की तुलना में सितंबर में बेरोजगारी दर में कोई बदलाव नहीं हुआ। बेरोजगारी दर सितंबर, 2025 में 5.2 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर सितंबर में मामूली रूप से बढ़कर 4.2 प्रतिशत हो गई, जो अगस्त में 4.1 प्रतिशत थी। वहीं, शहरी क्षेत्रों में यह 6.8 प्रतिशत से बढ़कर 6.9 प्रतिशत रही। ग्रामीण बेरोजगारी दर सितंबर, 2025 में 4.6 प्रतिशत और शहरी बेरोजगारी दर 6.8 प्रतिशत थी। सर्वेक्षण के अनुसार, सितंबर, 2026 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों में बेरोजगारी दर 4.9 प्रतिशत पर स्थिर रही, जबकि जून, 2026 के बाद से इसमें गिरावट या स्थिरता का रुख बना हुआ है। महिलाओं में बेरोजगारी दर सितंबर में मामूली बढ़कर 5.2 प्रतिशत रही।

राशिफल

मेष मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृष परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

मिथुन आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

कर्क क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

सिंह आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

कन्या आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

तुला किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

धनु आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

मकर क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

कुंभ आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

मीन मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।





खबर संक्षेप

संघ के समारोह में धनखड़ को निमंत्रण

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अनुसार, 20 अक्टूबर को नागपुर में होने वाले उसके विजयादशमी समारोह में अतिथियों के रूप में पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मध्य-पश्चिम भारत में इजराइल के महावाणिज्यि दूत यानिव रेवाच को आमंत्रित किया गया है। आरएसएस द्वारा बुधवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत नागपुर के रेशिमबाग में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य भाषण देंगे।

वाराणसी में तेज धमाके के बाद मकान ढहा

वाराणसी । उप्र के वाराणसी जिले के सारनाथ क्षेत्र में बृहस्पतिवार शाम एक मकान के तेज धमाके के बाद ढह जाने से मलबे में दबकर एक महिला और दो बच्चे घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस और बचाव दल मौके पर राहत एवं बचाव अभियान चला रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार सारनाथ क्षेत्र के पैगंबरपुर इलाके में तेज धमाके के बाद यह मकान धराशायी हो गया। उ धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मलबे से दो बच्चों और एक महिला को निकाला गया। सभी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

केमिस्ट की दी हुई दवा खाने पर युवक की मौत

लुधियाना। लुधियाना में गुरुवार को गुस्साई भीड़ ने एक मेडिकल स्टोर पर हमला कर दिया। उस पर आरोप था कि उसने बिना पर्ची दवा दी थी। इसको खाने से युवक की मौत हो गई। लोगों ने मेडिकल स्टोर में रखे सामान की तोड़फोड़ की। इसका विरोध करने पर लोगों ने स्टोर मालिक के साथ भी मारपीट की। इसके बाद दवाइयों के स्टॉक तो तोड़कर खराब कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत स्थिति को संभाला और भीड़ को शांत करने की कोशिश की। इसके बाद लोगों के बयान दर्ज किए।

अमृतसर: सीमा पार तस्करी में पांच पकड़े

अमृतसर। पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस इकाई ने अमृतसर में सीमा के पार से हथियार लाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से बड़ा हथियारों का जखीरा बरामद किया है। बरामद सामान में एक असॉल्ट राइफल (.30 बोर), दो हथगोले, 13 पिस्तौल (जिनमें चार ग्लॉक पिस्तौल भी शामिल हैं) और 25 कारतूस शामिल हैं। पुलिस महानिदेशक ने जानकारी दी।

नवजोत कौर को पंजाब प्रभारी पद से हटाया

चंडीगढ़। भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी (बीआरपी) ने डॉ. नवजोत कौर सिद्धू को संगठन की सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया है। वह पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव और पंजाब प्रभारी के तौर पर काम कर रही थीं। पार्टी की ओर से इस बारे में जानकारी दी गई। डॉ. नवजोत कौर सिद्धू को खराब स्वास्थ्य के कारण जिम्मेदारियों से हटाया जा रहा है।

बेंगलुरु मेट्रो ने 18 मिनट में पहुंचाया हृदय

सड़क के सफर को आधे से भी कम समय में पूरा किया

भाषा ▶▶| बेंगलुरु

बेंगलुरु मेट्रो ने चिकित्सा आपात स्थिति के लिए एक महत्वपूर्ण अंग को मेट्रो से एक स्टेशन से दूसरे तक पहुंचाने में मदद की। बेंगलुरु मेट्रो (नम्मा मेट्रो) ने चिकित्सा आपात स्थिति के दौरान एक महत्वपूर्ण अंग (मानव हृदय) को गोरागुंटेपाल्या मेट्रो स्टेशन से मंत्री स्क्वायर संपिगे रोड मेट्रो स्टेशन तक मात्र 18 मिनट में पहुंचाया। बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीएमआरसीएल) ने बताया कि उस अंग को यशवंतपुर स्थित स्पर्श अस्पताल से शेषाद्रिपुरम में अपोलो अस्पताल पहुंचाने के लिए गोरागुंटेपल्या और मंत्री स्क्वायर संपिगे रोड स्टेशनों के बीच मेट्रो रेल सेवा का इस्तेमाल किया गया। निगम ने अंग को सुचारू रूप से समय पर पहुंचाने के लिए व्यवस्थाएं कीं। बीएमआरसीएल ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों के साथ समन्वय कर समय के लिहाज से संवेदनशील चिकित्सा स्थितियों' में सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है।



मरीज की जान बचाने की मुहिम में की मदद

अंग और यात्रा

यशवंतपुर स्थित स्पर्श अस्पताल से शेषाद्रिपुरम स्थित अपोलो अस्पताल पहुँचाने के लिए इस मानव हृदय का परिवहन किया गया।

समय की बचत

सड़क मार्ग के भारी ट्रैफिक की तुलना में मेट्रो के जरिए यह सफर आधे से भी कम समय में पूरा हुआ। बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीएमआरसीएल) के सुरक्षा अधिकारियों और कर्मियों ने अस्पताल की टीम के साथ मिलकर इस समय-संवेदनशील आपात स्थिति में सुगम और सुरक्षित रास्ता सुनिश्चित किया।

उत्तर प्रदेश के बांदा की घटना, बेटे ने चार महीने में घटाया 20 किलो वजन

फैटी लिवर को मात देकर पिता को दिया नया जीवन

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

उत्तर प्रदेश के बांदा के 24 वर्षीय एक युवक ने गंभीर रूप से बीमार अपने पिता की जान बचाने के लिए चार महीने में करीब 20 किलोग्राम वजन घटाया और उन्हें अपने यकृत (लिवर) का एक हिस्सा दान किया। चिकित्सकों के मुताबिक, यह यकृत प्रतिरोपण सफल रहा और मरीज को हाल ही में सर्जरी के करीब एक सप्ताह बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। विनीत सिंह (बदला हुआ नाम) दिल्ली की एक रियल एस्टेट कंपनी में काम करता था और उसके पिता अंकुश सिंह (बदला हुआ नाम) लिवर सिरोसिस की गंभीर अवस्था से पीड़ित थे और उन्हें यकृत प्रतिरोपण की सख्त जरूरत थी। लखनऊ स्थित अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने बताया कि परिवार में विनीत ही जिगर दान करने के लिए संभावित रूप से उपयुक्त दाता था, लेकिन शुरुआती जांच में उसके जिगर में अत्यधिक चर्बी जमा होने का पता चला था। चिकित्सकों के मुताबिक विनीत 'फैटी लिवर' की गंभीर स्थिति से ग्रस्त था और वसा का जमाव ग्रेड-3 से भी अधिक था और इसी वजह से वह तत्काल यकृत का एक हिस्सा दान करने के योग्य नहीं था। विनीत ने बुधवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि उसने अपनी सेहत सुधारने और चिकित्सकीय मानकों पर खरा उतरने के लिए नौकरी से छुट्टी ली और बांदा स्थित अपने घर पर रहकर चार महीने तक वजन घटाने पर काम किया। मैंने वजन घटाने वाले इंजेक्शन या दवाओं का इस्तेमाल किए बिना करीब 20 किलोग्राम वजन कम किया।



अपोलोमेडिक्स में हुआ सफल लिवर ट्रांसप्लांट

विशेषज्ञों की निगरानी में हुआ सफल आपरेशन

जांच में बीमारी का पता

अस्पताल में लिवर प्रतिरोपण विभाग के प्रमुख डॉक्टर अभिषेक यादव ने कहा कि विनीत का प्रयास सराहनीय है। उन्होंने बताया कि विनीत को अपने यकृत में वसा के अत्यधिक जमाव की पहले से जानकारी नहीं थी और यह बात तब सामने आई, जब वह अपने पिता को लिवर का हिस्सा दान करने के लिए मेडिकल जांच कराने पहुंचा। उन्होंने डॉक्टर उत्कर्ष श्रीवास्तव और अपनी टीम के साथ मिलकर यह जटिल ऑपरेशन किया और वजन घटाने की प्रक्रिया के दौरान लिवर में वसा की मात्रा में बदलाव का आकलन करने के लिए चार से पांच बार एमआरआई जांच हुई।

एंटी ड्रग एक्टिविस्ट हत्याकांड पंजाब बंद में युवक की मौत

हत्या के विरोध में बवाल, बाजार और स्कूल बंद, कई जगह सड़कें जाम

सीबीआई जांच के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर झोटा के विरोध में गुरुवार को सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक पंजाब बंद रहा। लुधियाना, पठानकोट, गुरदासपुर, बठिंडा, मानसा और जालंधर में प्राइवेट स्कूल-कॉलेज बंद रहे। सभी जिलों में बाजार बंद रहे। किसान संगठनों ने लुधियाना, बठिंडा और मोहाली से चंडीगढ़ जाने वाले नेशनल हाईवे जाम किए। इस दौरान किसान नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया। लुधियाना में प्रदर्शन के दौरान युवक की मौत हो गई। युवक पोल पर सीएम भगवंत मान के होर्डिंग को उतारने चढ़ा था। इसी दौरान लोहे की रॉड ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली के तारों से टकरा गई। करंट लगने से युवक को आग लग गई और वह नीचे गिर गया। झोटा के परिवार ने कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल, भाजपा, अकाली दल वारिस पंजाब दे, संयुक्त किसान मोर्चा और अन्य किसान संगठनों तथा राज्य सरकार के कर्मचारी संगठनों के समर्थन से 'पंजाब बंद' का आह्वान किया था। वहीं, फगवाड़ा में पूरी तरह बंद रहा और सभी दुकानें तथा शैक्षणिक संस्थान बंद रहे।



यह है पूरा मामला

मानसा में झोटा की 13 अक्टूबर को नशा बेचने का विरोध करने पर मेडिकल स्टोर मालिक अश्विनी कुमार ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। 3 दिन बाद भी उनका पोस्टमॉर्टम नहीं हुआ है। परविंदर के पिता भीम सिंह ने डेडबॉडी लेने से इनकार कर दिया है। उन्होंने इस हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग की है। पिता ने कहा कि सीएम भगवंत मान और डीजीपी गौरव यादव इस्तीफा दें।

एसएचओ बेअंत कौर को सस्पेंड किया



इसी बीच मानसा के एसएसपी वैभव चौधरी ने मानसा सिटी थाना-2 की एसएचओ बेअंत कौर को सस्पेंड कर दिया है। वहीं डीएसपी हरजिंदर सिंह गिल के खिलाफ जांच के लिए डीजीपी ऑफिस को सिफारिश की गई है।

झोटा के पिता बोले- कल से दुकानें खोलें



परविंदर सिंह झोटा के पिता ने पंजाब बंद को सफल बनाने के लिए प्रदेशवासियों का धन्यवाद किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे कल से अपने कामकाज शुरू करें और दुकानें खोलें। उन्होंने कहा कि उनका परिवार और इंसाफ के लिए गठित कमेटी लगातार बंद के पक्ष में नहीं है। वे किसी भी व्यक्ति की रोजी-रोटी पर असर नहीं डालना चाहते। आज पंजाब बंद करना उनकी मजबूरी थी, क्योंकि प्रदेश के हर वर्ग ने उनके बेटे को इंसाफ दिलाने के लिए सहयोग दिया है। इस मामले की सीबीआई जांच के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है।

दिल्ली में रावण के साथ 'कॉकरोच दहन' भी होगा



एआई जेनरेटेड

नई दिल्ली। दिल्ली में रावण के संग इस बार 'कॉकरोच दहन' भी होने जा रहा है। रामलीला मैदान में 30 फीट का पुतला तैयार कर जलाया जाएगा। यह पुतला रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों के साथ-साथ रखा जाएगा। पीतमपुरा में रामलीला का आयोजन करने वाली 'श्री केशव रामलीला समिति' ने कहा है कि कॉकरोच 'गंदगी और मैल' का प्रतीक है। उन्होंने कहा है कि उनकी यह पहल 'स्वच्छ भारत' और 'स्वच्छ दिल्ली' कैंपेन का हिस्सा है। समिति के अध्यक्ष और भाजपा विधायक अशोक गोयल ने कहा कि इसबरा रामलील मैदान में रावण की सेना में 'असुरों' के बीच 'कॉकरोच' भी शामिल होगा। कॉकरोच का पुतला जलाने का मकसद बुराई पर अच्छाई की जीत तो है ही साथ ही यह साफ-सफाई के संदेश को और मजबूत करेगा।

मणिपुर में फूड पॉइजनिंग से बीएसएफ के 75 जवान बीमार

इंफाल(भाषा)। मणिपुर में संदिग्ध तौर पर खाद्य विषाक्तता (फूड पॉइजनिंग) के कारण सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 75 जवानों और तीन अन्य लोगों को बृहस्पतिवार को एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उल्टी और मितली की शिकायत के बाद बीएसएफ के जवानों और तीन नागरिकों को अपराह्न करीब एक बजे क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान लाया गया। उन्होंने नाश्ता करने के बाद इन लक्षणों की शिकायत की थी। बीएसएफ के जवानों और तीन नागरिकों को आपातकालीन विभाग में उपचार दिया गया अब उनकी हालत स्थिर है।

नाश्ता करने के बाद उल्टी और मितली की शिकायत पर भर्ती कराया

उग्रवादी हमले में मारे गए व्यक्ति का सिर बरामद

इंफाल (भाषा)। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में नगा आबादी वाले एक गांव पर संदिग्ध उग्रवादी हमले में मारे गए व्यक्ति का कटा हुआ सिर बरामद कर लिया गया है। अजिनबौ रिंगकामाई 10 अक्टूबर को मकुई अशांग गांव में बंदूकधारियों के हमले मारे गए थे। उनका सिर धड़ से अलग कर दिया गया था, लेकिन इसके बाद वह नहीं मिला था। सिर रहित शव 11 अक्टूबर को यहां सरकारी जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान लाया गया था। नगा संगठन 'जॉइंट ट्राइब्स काउंसिल मणिपुर' ने रिंगकामाई के कटे हुए सिर का पता लगाने के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम जारी किया था।

10 अक्टूबर को बंदूकधारियों के हमले मारे गए थे

महिला पत्रकारों पर कथित अत्याचार मामला

पता नहीं चलता कौन रील बनाने वाला है और कौन पत्रकार : केंद्र

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दिल्ली की सड़कों पर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान महिला पत्रकारों पर हुए कथित अत्याचार के मामले में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि पता नहीं चलता कि कौन रील बनाने वाला है और पत्रकार है। सरकार ने सवाल किया कि प्रदर्शन को कवर करने वाले कंटेंट क्रिएटर्स में से पत्रकारों को कैसे अलग किया जा सकता है। मोबाइल वाला कोई भी पत्रकार हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट में सरकार की ओर से पक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने रखा। सीनियर वकील इंदिरा जयसिंह की याचिका पर सुनवाई हुई, जिसमें पत्रकारों के लिए सुरक्षा की मांग की गई थी।

सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल ने रखा पक्ष



सीजेपी और विपक्षी दलों के प्रदर्शनों पर आरोप लगाए

ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 10 अक्टूबर और फिर उसके बाद दिल्ली की सड़कों पर जमकर विरोध प्रदर्शन हुए। सीजेपी और विपक्षी दलों के प्रदर्शनों पर आरोप लगा कि दिल्ली पुलिस ने महिला पत्रकारों पर अत्याचार किए। सीजेआई सूर्यकांत की नेतृत्व वाली बेंच के सामने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि माइक के साथ कई लोग हैं। वे बोलते हैं कि हम रिकॉर्डिंग कर रहे हैं और फिर इसे रील में अपलोड कर देते हैं।

यूपी में पूर्व आईएएस दिव्या ने 'जन नीति भारत' पार्टी बनाई

लखनऊ (भाषा) । भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की पूर्व अधिकारी दिव्या मित्तल ने बृहस्पतिवार को 'जन नीति भारत' नाम से एक नई राजनीतिक पार्टी के गठन की घोषणा की और कहा कि उनकी पार्टी 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विस चुनाव में हिस्सा लेगी। मित्तल ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि उनकी पार्टी नीति निर्माण की प्रक्रिया में आम लोगों को केंद्र में रखेगी और यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी कि सरकार अपने पांच साल के कार्यकाल के दौरान लगातार जनता के प्रति जवाबदेह बनी रहे, न कि केवल चुनाव के समय।





विकास प्रधानमंत्री ने 3350 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट शुरू किए

हमारा ध्यान लद्दाख की नई पीढ़ी पर: मोदी

भाषा ▶▶| लेह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि लद्दाख के युवाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, नई प्रौद्योगिकी सीखने के अवसर प्राप्त हों और उन्हें इसके लिए दूसरे शहरों पर निर्भर न रहना पड़े।

मोदी ने लद्दाख में हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे और सामरिक सड़क संपर्क से जुड़ी लगभग 3,350 करोड़ रुपये की पांच विकास परियोजनाओं का ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन करते हुए कहा कि जम्मू स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) के परिसर स्थापित करने के प्रस्तावों को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन शैक्षणिक केंद्रों के माध्यम से लद्दाख के युवा उच्च शिक्षा, अनुसंधान और नए कौशल सीखने के बेहतर अवसरों का लाभ अपने ही क्षेत्र में उठा सकेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा विशेष ध्यान लद्दाख की नयी पीढ़ी पर है। युवाओं को अच्छी शिक्षा मिले, नई प्रौद्योगिकी सीखने का मौका मिले और उन्हें अन्य शहरों पर निर्भर न रहना पड़े। यही कारण है कि लेह में एक प्रमुख उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जा रहा है।" उन्होंने कहा कि आज लद्दाख की प्रगति और विकास में एक और अध्याय जुड़ रहा है तथा उन्हें इस अवसर का हिस्सा बनने की बेहद खुशी है। मोदी ने कहा, "आज कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है।



लद्दाख के लोगों के लिए सफर आसान बनाएंगी

ये परियोजनाएं लद्दाख के लोगों के लिए सफर आसान बनाएंगी, कुछ इलाकों में बिजली की सुविधाओं में सुधार करेंगी। इन परियोजनाओं में लेह स्थित कुशोक बकुला रिम्पोची हवाई अड्डे पर 640 करोड़ रुपये की लागत से बना नया यात्री टर्मिनल भवन भी शामिल है। 23,800 वर्ग मीटर में फैले इस आधुनिक टर्मिनल को प्रति वर्ष 35 लाख यात्रियों की सुविधा के लिए डिजाइन किया गया है। मोदी ने बीआरओ द्वारा निर्मित 298 किमी लंबी निम्मू-पदुम-दारचा सड़क, नौ मेगावाट की हनु लघु जलविद्युत परियोजना और 66 किलोवाट की डबल-सर्किट दाह-हनु-खालत्सी ट्रांसमिशन लाइन का भी उद्घाटन किया।

चिंतन

धर्मांतरण पर सुप्रीम कोर्ट की स्पष्ट रेखा

धर्म बदलने का अधिकार हर किसी को है, मगर धर्म परिवर्तन के आधार पर आरक्षण की किसी दूसरी श्रेणी में स्वतः प्रवेश का दावा नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला इसी महत्वपूर्ण अंतर को रेखांकित करता है। तमिलनाडु सरकार को झटका देते हुए शीर्ष अदालत ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। मामला इस्लाम अपनाने वाले लोगों को केवल धर्म परिवर्तन के आधार पर पिछड़े मुस्लिम वर्ग के तहत आरक्षण देने की सरकारी व्यवस्था से जुड़ा था। अदालत के इस रुख ने आरक्षण की पात्रता, संवैधानिक मर्यादा और राजनीतिक नीतियों की सीमाओं पर एक बार फिर बहस तेज कर दी है। आरक्षण कोई ऐसा दरवाजा नहीं, जिसकी चाबी केवल धर्म परिवर्तन हो। इसकी व्यवस्था ऐतिहासिक भेदभाव, सामाजिक वंचना और अवसरों की असमानता को दूर करने के लिए की गई है। इसका उद्देश्य उन समुदायों को आगे लाना है, जो लंबे समय तक सामाजिक व्यवस्था में पीछे रहे। ऐसे में किसी व्यक्ति का एक धार्मिक पहचान से दूसरी पहचान में जाना अपने आप उसे नए समुदाय की आरक्षण श्रेणी का पात्र नहीं बना सकता। पात्रता के लिए संबंधित वर्ग के निर्धारित मानकों को पूरा करना आवश्यक है। तमिलनाडु सरकार ने मार्च 2024 में ऐसी व्यवस्था बनाई थी, जिसके तहत विभिन्न पिछड़े और अन्य अधिसूचित समुदायों से इस्लाम अपनाने वाले लोगों को पिछड़े मुस्लिम वर्ग के अंतर्गत प्रमाणपत्र देकर आरक्षण का लाभ देने का प्रावधान किया गया। मद्रास हाईकोर्ट ने इस व्यवस्था को रद्द कर दिया था। राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। यह घटनाक्रम बताता है कि सामाजिक न्याय के नाम पर बनाई गई सरकारी नीति भी संवैधानिक प्रावधानों और पात्रता के निर्धारित नियमों से ऊपर नहीं हो सकती। इस फैसले का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि आरक्षण की विभिन्न श्रेणियों को एक ही तराजू पर नहीं तौला जा सकता। अनुसूचित जाति का दर्जा संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत लागू प्रावधानों से नियंत्रित होता है, जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग की पहचान और पात्रता के अलग कानूनी आधार हैं। इसलिए यह निष्कर्ष निकालना गलत होगा कि धर्म परिवर्तन करने वाला हर व्यक्ति हर प्रकार के आरक्षण से स्वतः बाहर हो जाता है। इस बहस का दूसरा पक्ष भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। धर्म परिवर्तन करने से किसी व्यक्ति की आर्थिक कमजोरी, सामाजिक वंचना या भेदभाव की परिस्थितियां समाप्त नहीं हो जातीं। किसी समुदाय को लाभ देने की घोषणा कर देना पर्याप्त नहीं; यह भी देखना होगा कि उस घोषणा का कानूनी आधार क्या है और उससे आरक्षण की मूल भावना पर क्या प्रभाव पड़ेगा। यदि पात्रता के नियम अस्पष्ट होंगे, तो विवाद बढ़ेंगे, मुकदमेबाजी होगी और वास्तविक जरूरतमंदों के हित प्रभावित होने का खतरा रहेगा। सुप्रीम कोर्ट का फैसला यही संदेश देता है कि धर्म की स्वतंत्रता और आरक्षण की पात्रता दो अलग प्रश्न हैं। सामाजिक न्याय न राजनीतिक कृपा है, न मनमानी से बांटा जाने वाला लाभ। इसकी विश्वसनीयता तभी कायम रह सकती है, जब नियम स्पष्ट हों, उनका पालन निष्पक्षता से हो और लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुंचे। यही आरक्षण व्यवस्था के प्रति समाज का भरोसा बनाए रखने की अनिवार्य शर्त भी।

जनसेवा से राष्ट्रसेवा के भाव का चिंतन



25 वर्षों की सेवा

शिवप्रकाश

सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के असंख्य कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 25 वर्षों में किए गए राष्ट्र सेवा के अनवरत कार्यों से देश को परिचित कराया। आशीर्वाद का दिया जलाकर उनके प्रति अनंत शुभकामनाएं प्रेषित की गई। उल्लेखनीय विकास केन्द्रों का प्रवास, आंगनबाड़ी बहनों का सम्मान, प्रभावी व्यक्तियों से संपर्क आदि के माध्यम से समाज के सभी व्यक्तियों से संपर्क का यह अभिनव अभियान था| 7 अक्टूबर को लाखों नागरिकों ने "वी विल डू इट" के उद्घोष के साथ 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प भी लिया। विगत 25 वर्षों में मोदी जी ने भारत के आर्थिक उत्थान के साथ–साथ विश्व में भारत का सांस्कृतिक गौरव भी स्थापित किया है।

सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के असंख्य कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 25 वर्षों में किए गए राष्ट्र सेवा के अनवरत कार्यों से देश को परिचित कराया। आशीर्वाद का दिया जलाकर उनके प्रति अनंत शुभकामनाएं प्रेषित की गई। उल्लेखनीय विकास केन्द्रों का प्रवास, आंगनबाड़ी बहनों का सम्मान, प्रभावी व्यक्तियों से संपर्क आदि के माध्यम से समाज के सभी व्यक्तियों से संपर्क का यह अभिनव अभियान था। 7 अक्टूबर को देश के हजारों स्थानों पर लाखों नागरिकों ने "वी विल डू इट" के उद्घोष के साथ 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प भी लिया। विगत 25 वर्षों में मोदी जी ने भारत के आर्थिक उत्थान के साथ – साथ विश्व में भारत का सांस्कृतिक गौरव भी स्थापित किया है। भारत में धर्म केवल पूजा-पाठ एवं कर्मकांड तक सीमित नहीं, समाज धारणा एवं कर्तव्य भाव भी सिखाता है। प्रधानमंत्र नरेन्द्र मोदी ने सांस्कृतिक उत्थान के कार्यों के माध्यम से आर्थिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। विपक्ष सांस्कृतिक उत्थान के होने वाले कार्यों को आलोचना की दृष्टि से देखता था।

इन धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में हुए प्रयासों के कारण आर्थिक व्यवस्था में कितना परिवर्तन आया है, यह अध्ययन का विषय है। इसको कुछ उदाहरणों से समझा जा सकता है। जब किसी धार्मिक स्थल का विकास होता है, तब केवल मंदिर परिसर ही नहीं, वहां का सम्पूर्ण चित्र बदलता है। सड़कें पर्यटकों के आवागमन के योग्य बनती हैं। रेलवे, एअरपोर्ट, होटल, रेस्टोरेंट, दुकानदार, स्थानीय आवागमन के साधनों का उपयोग, हस्तशिल्प , स्थानीय उत्पादों की बिक्री आदि के द्वारा संपूर्ण जन-जीवन में परिवर्तन आता है। धार्मिक व्यवस्था से जुड़े गाइड, पुष्पमाला एवं प्रसाद बेचने वाले दुकानदार सभी के जीवन में खुशहाली आती है। भारत सरकार की प्रसाद योजना के द्वारा यह सब संभव हुआ है। प्रसाद योजना के अंतर्गत 54 प्रकल्पों पर 1726.74 करोड़ का बजट निर्धारित हुआ। एक अनुमान के अनुसार प्रसाद योजना के परिणाम स्वरूप 5000-8000 करोड़ की आर्थिक गतिविधि अब तक हुई है। भारत में लगभग 20 लाख सनातनी आस्था (मंदिर) के स्थान हैं। 60 % पर्यटन धार्मिक पर्यटन हैं। जीडीपी में 5.22 प्रतिशत एवं रोजगार में 13.34 % का योगदान हैं। लगभग 7.5 करोड़ रोजगार धार्मिक एवं उससे संबंधित गतिविधियों से मिलता है। गुजरात सरकार के बजट के आधार पर 2024-25 में सोमनाथ मंदिर के दर्शन के लिए प्रतिदिन 25000 श्रद्धालु आते हैं। वर्ष भर में लगभग 97 लाख लोगो ने अपने आराध्य के दर्शन किए। 2013 में 70–75 लाख श्रद्धालुओ ने दर्शन लिए थे। लगभग 26% की वृद्धि हुई है। लगभग 1500- 1800 करोड़ की वार्षिक आर्थिक गतिविधि सोमनाथ तीर्थ दर्शन के कारण होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषण में कहा कि मुझे तो मां गंगा ने बुलाया है। 2014 के पूर्व एवं पश्चात के काशी में धरती आसमान का अंतर काशीवासी अनुभव करते हैं। मोदी जी का काशी से चुनाव लड़ना अपना सौभाग्य भी मानते हैं। 13 दिसंबर 2022 को काशी कोरिडोर के प्रथम चरण का उद्घाटन 339 करोड़ की लागत से संपन्न हुआ । काशी पुनर्निर्माण से पहले 70 -80 लाख तीर्थयात्री प्रतिवर्ष आते थे। अब लगभग



2025 में 7 करोड़ श्रद्धालु काशी में दर्शन के लिए आए। 2021 से 2025 तक 25.28 करोड़ दर्शनार्थियों ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। संपूर्णानंद संस्कृत विश्व विद्यालय के प्राध्यापक प्रो. राजनाथ के अनुसार प्रति व्यक्ति लगभग 5000 रुपये भी खर्च करता है, तब 1.25 लाख करोड़ का आर्थिक व्यापार होता है। जिसके कारण पर्यटन आय में 65 % की वृद्धि हुई है। काशी – तमिल संगम के माध्यम – दक्षिण की एकात्मता का माध्यम भी बनी है। लंबे संघर्ष के उपरांत निर्मित भव्य मंदिर के निर्माण के उपरांत अयोध्या की सम्पूर्ण आर्थिकी ही परिवर्तित हो गई। आईआईएम लखनऊ के एक अध्ययन के आधार पर वर्ष में पहले 1.7 लाख तीर्थयात्री आते थे। दुकानदारों की प्रतिदिन आय 400- 500 रुपये तक होती थी। 2025 में 29.95 करोड़ श्रद्धालुओ ने भगवान राम के दर्शन किए। अयोध्या का जीएसटी संग्रह का 400 करोड़ है । 2028 तक पर्यटन राजस्व संग्रह का अनुमान 18000 करोड़ है 1 जो वर्तमान में 10000 करोड़ प्रतिवर्ष है । व्यापारिक आय में 5 गुना वृद्धि हुई है । रेस्टोरेंट 200 से बढ़कर 2000 हुए एवं बैंक शाखाएं 15 से बढ़कर 60 हुई है । होटल एवं होम स्टे में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है । उत्तर प्रदेश को पर्यटन विभाग एवं अयोध्या के कारण 2025 में 20000 से 25000 करोड़ का अतिरिक्त कर प्राप्त हुआ है । 11 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा महाकाल लोक का उद्घाटन होने के बाद 2019 की तुलना में तीर्थयात्रियों में 50% की वृद्धि हुई है। पहले 20-25 हज़ार श्रद्धालु दर्शन करते थे, अब 80 हजार से 1 लाख श्रद्धालु दर्शन करते हैं। अब इंदौर एवं उज्जैन आर्थिक विकास के कारण एक होने की स्थिति में है। मध्य प्रदेश में पर्यटन के कारण 89. 21 प्रतिशत वृद्धि हुई है, जिसमें महाकाल तीर्थयात्रियों का बड़ा योगदान है। 2013 की केदारनाथ में आई आपदा का निरीक्षण करने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी आए थे, उसी समय केदारनाथ के पुनर्निर्माण का संकल्प भी उन्होंने लिया था। आल वेदर रोड, ऋषिकेश से कर्ण प्रयाग रेलवे लाइन, वायु सेवा आदि के द्वारा अब उत्तराखंड में आदि कैलाश साहित चारों धामों में पर्यटन में बहुगुणित वृद्धि हुई है। केवल केदारनाथ में 2025 में 1656539 तीर्थयात्री पहुंचे। 2025 के पहले डेढ़ मास में ही 300 करोड़ का रेवन्यू प्राप्त हुआ था। मोदी ध्यान गुफा की एक रात की बुकिंग 11000 रुपये है, जिससे 2025 में विश्राम गृहों सहित 3.8 करोड़ की आय प्राप्त हुई थी। प्रयाग में आयोजित महाकुम्भ ने तो विश्व रिकॉर्ड ही बनाया है। दुनिया के लिए महाकुंभ की व्यवस्था शोध का विषय है। महाकुम्भ सम्पूर्ण विश्व के लोगों को जोड़ने का माध्यम भी बना है। आकड़ों के अनुसार 66 करोड़ से अधिक लोगो ने मां गंगा में डुबकी लगाई थी। उत्तर प्रदेश सरकार को कुंभ के द्वारा 500 करोड़ की अतिरिक्त जीएसटी के माध्यम से आय हुई। 1.5 लाख करोड़ पर्यटन के कारण राजस्व प्राप्त हुआ। सरकार ने महाकुम्भ क्षेत्र के विकास के लिए 6982 करोड़ खर्च कर 2-3 लाख करोड़ राजस्व आय प्राप्त की। लगभग 6 लाख से अधिक लोगो को रोजगार भी प्राप्त हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की आर्थिक प्रगति को भी एक दिशा दी है।

वेड इन इण्डिया प्रयोग आत्मनिर्भर भारत तथा भारतीय स्थानों के सौंदर्य का बोध भी विश्व को कराता है। इसके कारण वैश्विक पर्यटन का विकास भी होता है। तीर्थाटन द्वारा आर्थिक प्रगति में हम तिरुपति, वैष्णो देवी सहित अनेक स्थानों का अध्ययन भी कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना करने वाले उनके इस दिशा में किए प्रयत्नों का अध्ययन भी करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चिंतन प्रतिपल 140 करोड़ नागरिकों के लिए है जो उनमें अन्तर्निहित जनसेवा से राष्ट्रसेवा के भाव को प्रकट करता है ।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विश्व खाद्य दिवस

रवि शंकर



भूख और कुपोषण से जूझती दुनिया

विज्ञान और तकनीक एक तरफ देश में क्रांति ला रही है तो दूसरी तरफ हम मानव के जीवन की प्राथमिक जरूरत, भूख को पूरा नहीं कर पाए हैं। ये अपार प्रगति सबके लिए भोजन का प्रबंध नहीं कर पाई है। वहीं सामाजिक और आर्थिक विकास के पैमाने पर देखें तो भारत की एक विरोधाभासी तस्वीर उभरती है। एक तरफ तो हम दुनिया के दूसरे सबसे बड़े खाद्यान्न उत्पादक देश हैं तो दूसरी तरफ भूख और कुपोषण के तमाम आंकड़े सोचने के लिए मजबूर करते हैं। विकास के तमाम दावों के बावजूद भारत अभी भी गरीबी और भुखमरी जैसी बुनियादी समस्याओं की चपेट से पूरी तरह बाहर नहीं निकल सका है। सवाल ये है कि आजादी के करीब आठ दशक के बाद भी देश को भूख और कुपोषण जैसी समस्या से मुक्ति क्यों नहीं मिल पाई है? जबकि आजादी के बाद से भारत में खाद्यान्न के उत्पादन में लगातार वृद्धि देखी गई है। कुपोषण और भुखमरी का मसला अभी भी चुनौती बना हुआ है। बिहार और उत्तर प्रदेश इनमें सबसे आगे हैं। भारत में कुपोषण की समस्या कुछ इलाकों में बहुत ज्यादा है। वास्तव में कुपोषण बहुत सारे सामाजिक-राजनीतिक कारणों का परिणाम है। जब भूख और गरीबी राजनीतिक एजेंडा की प्राथमिकता में नहीं होती तो बड़ी तादाद में कुपोषण सतह पर उभरता है। समस्या सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। अपितु विश्व के कई देशों में खाने की भारी किल्लत है। खाद्यान्नों की कमी और बढ़ती जनसंख्या ने विश्व में ऐसी विकट स्थिति पैदा की है, जहां करोड़ों लोग दो वक्त की रोटी के लिए अपना खून-पसीना एक करने को बेबस हैं। यही वजह है कि दुनियाभर में भोजन की कमी और भूख से हर साल करोड़ों जानें काल के गाल में समा जाती हैं। अहम सवाल है ये है कि क्या सिर्फ कृषि उत्पाद बढ़ा कर और खाद्यान्न को बढ़ा कर हम भूख से अपनी लड़ाई को सही दिशा दे सकते हैं। चाहे विश्व के किसी कोने में इस सवाल का जवाब हां हो, पर भारत में इस सवाल का जवाब ना है और इसकी वजह है खाद्यान्नों को रखने के लिए जगह की कमी। यूं तो भारत विश्व में खाद्यान्न उत्पादन में चीन के बाद दूसरे स्थान पर पिछले दशकों से बना हुआ है। ये भी सच है कि यहां प्रतिवर्ष करोड़ों टन अनाज बर्बाद भी होता है। एक अनुमान के मुताबिक हर साल लगभग 58,000 करोड़ रुपये का खाद्यान्न भंडारण आदि तकनीकी के अभाव में नष्ट हो जाता है। भूखी जनसंख्या इन खाद्यान्नों पर ताक लगाए बैठी रह जाती है। इतना ही नहीं भारत में लाखों टन अनाज हर साल खुले में सड़ जाता है। यह सब ऐसे समय हो रहा है जब देश का एक बड़ा तबका भूखे पेट सोने के लिए मजबूर है और पांच साल से छोटे बच्चों की एक बड़ी आबादी कुपोषण की शिकार है।

ऐसा नहीं है कि भारत में खाद्य भंडारण के लिए कोई कानून नहीं है, लेकिन आज भी लाखों टन अनाज बर्बाद होता है। ऐसा भी नहीं है कि सरकार ने भूख से लड़ने के लिए कारगर उपाय नहीं किए हैं। सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय बागवानी मिशन, नरेगा, मिड डे मील, काम के बदले अनाज, सार्वजानिक वितरण प्रणाली, सामाजिक सुरक्षा नेट, अंत्योदय अन्न योजना आदि कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, ताकि सभी देशवासियों की भूख मिटाने के लिए ही नहीं, बल्कि स्वतंत्र रूप से जीवनयापन के लिए रोजगार परक आय व पोषणयुक्त भोजन मिल सके। लेकिन कागजों पर बनने वाली ये योजनाएं जमीन पर कितनी अमल की जाती हैं, इसका अंदाजा आप भारत में भूख से मरने वाले लोगों की संख्या से लगा सकते हैं। सम्पूर्ण विश्व में बेहद तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के बावजूद आज भी भारत में गरीबी और कुपोषण एक समस्या बनी हुई है। हमारा सिस्टम अभी तक इस गंभीर समस्या का समाधान करने में नाकाम रहा है। यही वजह है कि देश की एक तिहाई से ज्यादा बच्चे अभी भी कुपोषण का शिकार हैं। इसका साफ मतलब यह है कि तमाम योजनाओं के ऐलान और बहुत सारे वादों के बावजूद देश में भूख व कुपोषण के शिकार लोगों की संख्या कम नहीं कर पाए हैं। योजनाओं को लागू करने में कहीं न कहीं भारी गड़बड़ियां और अनियमितताएं हैं। केंद्र एवं राज्यों के महिला एवं बाल कल्याण, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, शिक्षा, खाद्य एवं अन्य विभागों के बीच आपसी समन्वय के साथ कुपोषण संबंधी कार्यक्रमों को एक साथ सामूहिक रूप से लागू करने पर ही कुपोषण रूपी दुश्मन को जड़ से मिटाया जा सकता है। समय-समय पर कुपोषण संबंधी डाटा का मूल्यांकन, उसे कम करने के प्रयासों की समीक्षा के साथ ही जिम्मेदार व्यक्तियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

योगः कर्मसु कौशलम



संकलित

दर्शन

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पढ़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा।

हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो



संकलित

प्रेरणा

एक वृद्ध महिला एक सब्जी की दुकान पर जाती है, उसके पास सब्जी खरीदने के पैसे नहीं होते है। वो दुकानदार से प्रार्थना करती है कि उसे सब्जी उधार दे दे पर दुकानदार मना कर देता है। उसके बार-बार आग्रह करने पर दुकानदार खीज कर कहता है, तुम्हारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी कोई कीमत हो, तो उसे इस तराजू पर रख दो, मैं उसके वजन के बराबर सब्जी तुम्हे दे दूंगा। वृद्ध महिला कुछ देर सोच में पड़ जाती है। क्योंकि उसके पास ऐसा कुछ भी नहीं था। कुछ देर सोचने के बाद वह, एक मुड़ा-तुड़ा कागज का टुकड़ा निकालती है और उस पर कुछ लिख कर तराजू पर रख देती है। दुकानदार ये देख कर हंसने लगता है। फिर भी वह थोड़ी सब्जी उठाकर तराजू पर रखता है।आश्चर्य..!!! कागज वाला पलड़ा नीचे रहता है और सब्जी वाला ऊपर उठ जाता है। इस तरह वो और सब्जी रखता जाता है पर कागज वाला पलड़ा नीचे नहीं होता। तंग आकर दुकानदार उस कागज को उठा कर पढता है और हैरान रह जाता है। कागज पर लिखा था, हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो, अब सब कुछ तुम्हारे हाथ में है। दुकानदार को अपनी आँखों पर यकीन नहीं हो रहा था। वो उतनी सब्जी वृद्ध महिला को दे देता है। पास खड़ा एक अन्य ग्राहक दुकानदार को समझाता है, कि दोस्त, आश्चर्य मत करो। केवल श्री कृष्ण ही जानते हैं की प्रार्थना का क्या मोल होता है। वास्तव में प्रार्थना में बहुत शक्ति होती है। चाहे वो एक घंटे की हो या एक मिनट की। यदि सच्चे मन से की जाये, तो ईश्वर अवश्य सहायता करते हैं। अक्सर लोगों के पास ये बहाना होता है, की हमारे पास वक्त नहीं।

अंतर्मन



आज की पाती

नशे में डूबता पंजाब

पंजाब में आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नशे का मुद्दा उठाकर वादा किया था कि सरकार बनने पर 3 महीने के भीतर पंजाब को नशामुक्त कर दिया जाएगा। पंजाब विधानसभा चुनाव-2022 के दौरान आम आदमी पार्टी ने सत्ता तो हासिल कर ली, लेकिन नशा मुक्त पंजाब का वादा अधूरा ही है। पंजाब देश के प्रमुख गेहूं उत्पादक और सिंचित कृषि क्षेत्रों में शामिल है, लेकिन आज उसी धरती का युवा नशे के दलदल में फंसकर अपना भविष्य खो रहा है। नशे की लत से परिवारों की जमा-पूंजी खत्म हो जाती है, इलाज और नशे की पूर्ति के लिए कर्ज बढ़ता है और कई परिवार गरीबी के दलदल में फंस जाते हैं, जिससे पूरा परिवार आर्थिक और मानसिक संकट झेलता है। दुखद यह है कि अगर कोई नशे के खिलाफ बोलता है, तो उसकी हत्या कर दी जाती है। - *योगेश मोदी, सिरसा*

ट्रेंड

नक्सल-मुक्त भारत



नक्सल-मुक्त भारत बनाने का मोदी सरकार का संकल्प पूरा हो गया है। नक्सलवाद से देश को मिले घावों को अब भरना होगा, पीड़ितों के लिए सम्मानजनक जीवन जीने की व्यवस्था करनी होगी।

- **अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

नया भारत



यह नया भारत है, जो आतंकवाद के आगे झुकता नहीं, बल्कि उसे जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए निर्णायक प्रहार करता है। सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक, भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जो कोई भी उसकी संप्रभुता और सुरक्षा को चुनौती देगा, उसे करारा जवाब मिलेगा।

- **राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

महिला सशक्तीकरण



दिल्ली के निर्माण में हमारी मेहनती बहनों की भूमिका अमूल्य है। उनका स्वास्थ्य, सम्मान और सशक्तिकरण हमेशा मेरी प्राथमिकता रहेगा। उनके अथक प्रयासों ने आज की दिल्ली को गढ़ा है, उनकी ताकत व आत्मनिर्भरता कल की दिल्ली को आकार देगी। - **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

सरकार की जवाबदेही



क्या सरकार ने जवाबदेही तय करने के अपने कर्तव्य को पूरी तरह से त्याग दिया है कि अब वह जवाबदेही मांगने वालों की आवाज दबाने के लिए उन्हें हिरासत में ले रही है? जंतर-मंतर पर, जो हाथों में तिरंगा थामे हुए थे, आज न्यायिक हिरासत में हैं।

- **शशि थरूर,** सांसद, कांग्रेस

करंट अफेयर

चीन-कोरिया को जोड़ने वाला नया पुल एक दशक बाद खुला



चीन और उत्तर कोरिया को जोड़ने वाला एक नया पुल एक दशक से अधिक की देरी के बाद बृहस्पतिवार को खुल गया। इसे दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि 'न्यू यालू रिवर ब्रिज' का उद्घाटन किया गया। सरकारी मीडिया संस्थान चाइना न्यूज सर्विस के ऑनलाइन वीडियो में चीन और उत्तर कोरिया के राष्ट्रीय ध्वजों से सजे ट्रक पुल पर खड़े दिखाई दिए। पुल को भी दोनों देशों के झंडों से सजाया गया था। बीजिंग को उम्मीद है कि तीन किलोमीटर लंबा और चार लेन वाला यह पुल आर्थिक एवं व्यापारिक गतिविधियों के साथ-साथ दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी संपर्क को भी बढ़ावा देगा। यह पुल चीन के पूर्वोत्तर शहर दानदोंग को उत्तर कोरिया के शहर सिनुइजू से जोड़ता है। इस पुल को मूल रूप से 2014 में यातायात के लिए खोलने की योजना थी। उस समय चीन ने अपनी ओर निर्माण कार्य पूरा कर लिया था। हालांकि, निर्धारित समय पर पुल नहीं खुला और उत्तर कोरिया ने अपनी ओर संबंधित निर्माण कार्य भी पूरा नहीं किया था। सिनुइजू में निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ने से यह अटकलें लगाई जाने लगी थीं कि प्योंगयांग चीन पर अपनी आर्थिक निर्भरता बढ़ने को लेकर सतर्क है।

ऑफ बीट

तुर्किये के तट पर मिला जहाज का सबसे पुराना मलबा



पुरातत्वविदों की एक टीम का मानना है कि तुर्किये के तट पर मिला जहाज का मलबा दुनिया में अब तक खोजा गया सबसे पुराना मलबा है। जहाज का बहुत कम हिस्सा बचा है, लेकिन उसमें मिले मिट्टी के बर्तनों सहित अन्य सुरागों के आधार पर शोधकर्ताओं की टीम ने अनुमान लगाया है कि यह मलबा करीब 2700 से 2400 ईसा पूर्व का है। यह लगभग 4,500 साल पुराना है। इस खोज से पहले दुनिया का सबसे पुराना ज्ञात जहाज का मलबा यूनान के डोकोस तट के पास मिला था, जिसे करीब 4,200 साल पुराना माना जाता था। हालांकि, इन निष्कर्षों की पुष्टि के लिए अभी काफी काम किया जाना बाकी है। इसके बावजूद, यह खोज कांस्य युग के शुरुआती दौर में प्राचीन भूमध्यसागरीय क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों के बीच संपर्कों को समझने के हमारे नजरिये को बदल सकती है। यह भी संभव है कि इससे भी पहले, आज के व्यापक व्यापार मार्गों की नींव पड़ी हो। अंताल्या स्थित अकदेनिज विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर हाकान ओनिज दशकों से तुर्किये के इस तट पर प्राचीन जहाजों के मलबे की खोज और खुदाई कर रहे हैं। स्थानीय नाविकों से मिले सुरागों के आधार पर ओनिज ने 2024 में तुर्किये में अंताल्या के पश्चिम में केकोवा के पास उथले पानी में एक जहाज का मलबा खोजा।

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच आज शाम 7 बजे से

स्मृति मंधाना की कप्तानी में नए युग की शुरुआत करेगी भारतीय महिला टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत शुक्रवार को रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में जब नवनियुक्त कप्तान स्मृति मंधाना के नेतृत्व में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के साथ नए युग की शुरुआत करेगा तो उसकी निगाह अपने खेल को और बेहतर बनाने पर होगी। यह पहला अवसर है जबकि भारत और जिम्बाब्वे की महिला टीम द्विपक्षीय श्रृंखला में एक-दूसरे का सामना करेंगी। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे शुरू होगा। इस मैच को लेकर क्रिकेट फैंस में गजब का उत्साह देखा जा रहा है।



एशियाई स्तर पर टीम का दबदबा कायम

भारतीय टीम ने हाल में एशियाई स्तर पर अपना दबदबा साबित किया लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट विशेषकर छोटे प्रारूप में उसे अभी काफी सुधार करने की जरूरत है। भारत का टी20 विश्व कप में पिछले दो टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा था जिससे उसकी कमजोरी भी खुलकर सामने आ गई। टीम को अगर ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों को लगातार चुनौती देनी है तो उसे खेल के तीनों विभाग में सुधार करना होगा।



हम निर्भीक होकर समझदारी भरा टी-20 खेलना चाहते हैं : शेफाली

उप-कप्तान शेफाली वर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगले साल की शुरुआत में घरेलू मैदान पर होने वाली महिला चैंपियंस ट्रॉफी को ध्यान में रखते हुए निर्भीक अंदाज में, लेकिन समझदारी के साथ क्रिकेट खेलना चाहती है। भारतीय महिला टीम पहली बार द्विपक्षीय सीरीज में जिम्बाब्वे का सामना करेगी। यह टी20 सीरीज फरवरी में होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट की तैयारियों का हिस्सा है। भारत और जिम्बाब्वे के बीच यहां तीन मैच की टी20 सीरीज खेली जाएगी। इसके बाद दोनों टीम तीन वनडे मैच की सीरीज के लिए वडोदरा जाएंगी। सीरीज के पहले मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से बात करते हुए शेफाली ने कहा, ''हमने इस बारे में चर्चा की है कि चैंपियंस ट्रॉफी तक हमें इस सीरीज में निडर होकर और समझदारी के साथ क्रिकेट खेलना है।

हरमनप्रीत का फॉर्म चिंता का विषय

इसके अलावा पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर की खराब फॉर्म भी चिंता का विषय बनी हुई है। हरमनप्रीत अब टीम में विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेलेगी जिससे उन पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव और भी बढ़ जाएगा। भारत को निचले क्रम में ऋचा घोष का साथ देने के लिए कुछ और पावर हिटर तैयार करने की भी जरूरत है।

क्षेत्र रक्षण में काफी सुधार करने की जरूरत

पिछले कुछ समय में भारत का क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नहीं रहा है और टीम को इस विभाग में काफी सुधार करने की जरूरत है। अगर गेंदबाजी विभाग की बात करें तो नंदनी शर्मा का प्रदर्शन सकारात्मक पहलू रहा है लेकिन अगर संपूर्ण तेज गेंदबाजी आक्रमण की बात करें तो उन्हें अपना प्रभाव छोड़ने के लिए अधिक बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

स्पिन गेंदबाजी भारत की ताकत रही है

स्पिन गेंदबाजी भारत की ताकत रही है, जिसमें युवा श्री चरणी ने शानदार प्रदर्शन किया है। अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने अपनी ऑफ-स्पिन गेंदबाजी से बल्लेबाजों को परेशान किया है जबकि बीच के ओवरों में विकेट लेने के लिए लेग-ब्रेक गेंदबाज प्रेमा रावत को अधिक अवसर दिए जाने चाहिए। टीम में शामिल नए चेहरों में निक्की प्रसाद और जिंतिमानी कलिता शामिल हैं।

85 पदक, नए भारत की नई पहचान

एशियन गेम्स 2026 के भारतीय दल से पीएम मोदी ने गुरुवार को दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में मुलाकात की



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खिलाड़ियों के साथ खुशी जाहिर करते हुए

जब भी समय मिले अपने गांव और शहर के बच्चों से मिलिए आपके अनुभव उन्हें खेलों में आगे बढ़ने का अवसर दे सकेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियन गेम्स 2026 के भारतीय दल से पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों को संबोधित किया और प्रदर्शन को सराहा। पीएम ने कहा कि बीते एक दशक में देश में जो व्यवस्थाएं विकसित हुई हैं, उससे युवाओं को भरोसा हुआ है कि उनके सपनों को आगे बढ़ाने के लिए देश का पूरा सामर्थ्य उनके साथ खड़ा है। कोचिंग फीजियोथेरेपी में भी नए अवसर बन रहे हैं। आज हम जिस किसी भी फील्ड अपनी सफलता के लिए तो परिश्रम तो करना ही है, साथ ही नई पीढ़ी को गढ़ने की जिम्मेदारी भी उठानी है। इंटरनेशनल टूर्नामेंट्स जो होंगे, उसमें आप उन बच्चों की मदद करें जो आगे बढ़ने का सपना देख रहे हैं। जब समय मिले अपने गांव अपने शहर के बच्चों से मिलिए। आपने अनुभव उन बच्चों के बहुत काम आ सकते हैं। आपकी छोटी सी बात उन्हें खेलों में आगे बढ़ने का मौका दे सकती है। देश के युवाओं को आपसे केवल स्पोर्ट्स की ही प्रेरणा नहीं मिलती है, खेल हमें जीवन में अनुशासन सिखाते हैं, हार से जीतने की सीख खेलों से मिलती है।

खेलों से निराशावादी मानसिकता को हटाया: पीएम ने कहा कि भारत ने भी बीते 12 वर्षों में बहुत धैर्य के साथ अपने स्पोर्ट्स कल्चर पर काम किया है। पहले गिने चुने मेडल्स आते थे। कितने खेल ऐसे थे, जिसका तो पता ही नहीं होता था।

28 साल बाद वेटलिफ्टिंग में मेडल आया

पीएम ने कहा कि शूटिंग में, बॉक्सिंग में शानदार प्रदर्शन किया है। हमें 28 साल बाद वेटलिफ्टिंग में मेडल आया है। 1982 के बाद मैराथन में मेडल आया है। मैं अपनी बेटियों का खासतौर पर सराहना करना चाहता हूं। भारत ने 85 मेडल जीते हैं, उनमें ने 38 मेडल हमारी महिला एथलीट्स ने जीते हैं। इनमें 11 गोल्ड मेडल शामिल हैं। ये मेडल केवल एक संख्या नहीं है, ये नए भारत की सशक्त तस्वीर है।

खबर संक्षेप



चैंपियन यूएई बुल्स की यस लायंस से होगी भिडंत

अबुधाबी। गत चैंपियन यूएई बुल्स सात नवंबर को अबुधाबी टी10 लीग में यस लायंस के खिलाफ अपने खिताब का बचाव करने की शुरुआत करेगी। बीस नवंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 32 मैच होंगे जिसमें शुरुआती दिन का तीन मुकाबले होंगे। दो सप्ताह तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में रॉयल डेजर्ट चैंपियंस का सामना एमिरेट्स ईगल्स से होगा जबकि इससे पहले यूएई बुल्स का मुकाबला यस लायंस से होगा। शुरुआती दिन का समापन यूनाइटेड टाइगर्स की अरेबियन एसेस से भिड़ंत के साथ होगा।

सीनियर टी-20 ट्रॉफी में सोनी को दिल्ली की कमान



नई दिल्ली। सोनी यादव को 26 अक्टूबर से शुरू होने वाले सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए बृहस्पतिवार को दिल्ली की कप्तान नियुक्त किया गया। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने एक बयान में कहा, ''सीनियर महिला चयन समिति की 14 अक्टूबर 2026 को बैठक हुई जिसमें टीम को अंतिम रूप दिया गया। सोनी यादव को कप्तान बनाया गया है, जबकि श्वेता सहरावत उपकप्तान और विकेटकीपर की भूमिका निभाएंगी। टीमः सोनी यादव (कप्तान), श्वेता सहरावत (उपकप्तान और विकेटकीपर), प्रिया पूनिया, तनीषा सिंह, प्रज्ञा रावत (विकेटकीपर), नजमा, भारती रावल, वंशिका लीला, प्रिया मिश्रा, निधि महतो, दिशा नागर, शिवी शर्मा, सुमिति सोनी, मेधावी बिधूड़ी, गोयिंका शर्मा और अक्षिता जैन।

विनीसियस जूनियर पर चार मैच का प्रतिबंध लगा

मैड्रिड। रियाल मैड्रिड के फॉरवर्ड विनीसियस जूनियर को शनिवार को विलारियल के खिलाफ खेले गए मैच में प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ी के बाल खींचने के लिए स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में चार मैचों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस तरह से विनीसियस बार्सिलोना के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। बाल खींचने पर दिखाया था लाल कार्ड विनीसियस को विलारियल के खिलाफ मैच के 73वें मिनट में नाथन सलीबा के बाल ज़ोर से खींचने के लिए सीधा लाल कार्ड दिखाया गया था।

टी-20 अंतरराष्ट्रीय : एक पारी में 50 से ज्यादा रन सात बार लुटा चुके हैं अर्शदीप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 क्रिकेट में गेंदबाजों के लिए रन रोकना हमेशा बड़ी चुनौती रहा है। इस प्रारूप में बल्लेबाज तेजी से रन बनाने की कोशिश करते हैं, जिससे गेंदबाजों पर दबाव बढ़ जाता है। कई बार भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाजों को भी एक पारी में जमकर रन खर्च करने पड़े हैं। ऐसे में आइए जानते हैं उन भारतीय गेंदबाजों के बारे में, जिन्होंने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा बार एक पारी में 50 या उससे अधिक रन दिए हैं।

अर्शदीप सिंह (7 बार)

भारतीय टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह इस सूची में पहले स्थान पर हैं। वह अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 95 पारियों में 7 बार एक पारी में 50 या उससे ज्यादा रन खर्च कर चुके हैं। उन्होंने अपने करियर में 8.62 की इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की है। वह 4 मेडन ओवर भी डाल चुके हैं। उन्होंने 20.30 की औसत से 145 विकेट अपने नाम किए हैं।



युजवेंद्र चहल (4 बार)

भारतीय टीम के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 80 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और इसकी 79 पारियों में 4 बार 50 या उससे ज्यादा रन खर्च कर चुके हैं। इस खिलाड़ी ने 8.19 की इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की है। उन्होंने 2 मेडन के साथ 25.09 की औसत से 96 विकेट भी चटकाए हैं। चहल ने 2 बार 4 विकेट हॉल और एक बार 5 विकेट हॉल ले चुके हैं।

अक्षर, कृष्णा और वरुण 3-3 बार बार दिए 50+ रन

तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से 3 गेंदबाज हैं। प्रसिद्ध कृष्णा, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 3-3 बार 50 या उससे ज्यादा रन खर्च कर चुके हैं। प्रसिद्ध ने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 11 की इकॉनमी से गेंदबाजी की है और 8 पारियों में 9 विकेट लिए हैं। वरुण ने 46 पारियों में 7.58 की इकॉनमी से 75 विकेट लिए हैं। अक्षर ने 104 पारियों में 7.64 की इकॉनमी से 113 विकेट चटकाए हैं।

इन खिलाड़ियों ने दिए हैं 2-2 बार दिए 50+ रन

इस सूची में चौथे स्थान पर 9 भारतीय गेंदबाज संयुक्त रूप से मौजूद हैं। हर्षित राणा (12 पारियां), मोहम्मद सिराज (16 पारियां), क्रुणाल पांड्या (19 पारियां), हर्षल पटेल (24 पारियां), आवेश खान (24 पारियां), रवि बिश्नोई (53 पारियां), कुलदीप यादव (54 पारियां), जसप्रीत बुमराह (97 पारियां) और हार्दिक पांड्या (125 पारियां) ने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 2-2 बार एक पारी में 50 या उससे अधिक रन खर्च किए हैं।



संन्यास का फैसला बदलने से सिकंदर रजा ने किया इनकार

नई दिल्ली। जिम्बाब्वे के वनडे और टी20 कप्तान सिकंदर रजा ने कहा कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2027.30 चक्र में उनकी टीम के आने की संभावना के बावजूद अगले साल अफ्रीका में होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप के बाद संन्यास का उनका फैसला नहीं बदलेगा। जिम्बाब्वे वनडे विश्व कप 2027 में दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के साथ सह मेजबान है। रजा ने मोबाइल गेमिंग प्लेटफॉर्म सिक्सर क्रिकेट द्वारा कराई गई बातचीत में कहा ,'' मेरे कैरियर का यह आखिरी दौर है और अपने देश में विश्व कप खेलना मेरे लिये वरदान से कम नहीं है ।'' उन्होंने कहा ,'' हर क्रिकेटर का सपना विश्व कप खेलकर संन्यास लेने का होता है । यह पूछने पर कि अगर जिम्बाब्वे 2027.30 चक्र में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में जगह बनाता है तो क्या उनका फैसला बदलेगा, उन्होंने कहा नहीं।

डेनमार्क ओपन

त्रीसा-गायत्री की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में, श्रीकांत बाहर



एजेंसी ▶▶| वओडेन्से (डेनमार्क)

भारत की त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने बृहस्पतिवार को इंडोनेशिया की रेचेल एलेस्या और रोज फेबी सेटियानिंगरम की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को सीधे गेम में हराकर डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। अगस्त में नयी दिल्ली में विश्व चैंपियनशिप में अपना पहला कांस्य पदक जीतने वाली त्रीसा और गायत्री की जोड़ी ने इंडोनेशियाई जोड़ी को 45 मिनट तक चले मुकाबले में 21-16, 21-17 से शिकस्त दी। अब क्वार्टर फाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना हांगकांग की युंग डा टिंग और युंग पुई लैम तथा मलेशिया की पर्ली टैन और थिनाह मुरलीधरन की जोड़ी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

श्रीकांत हारे मौजूदा विश्व चैंपियन से

इससे पहले किदांबी श्रीकांत ने अपने पुराने अंदाज की झलक दिखाई, लेकिन तीन गेम तक चले प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मौजूदा विश्व चैंपियन फ्रांस के एलेक्स लानियर से हार गए। 2017 में चार खिताब जीतकर सुर्खियां बटोरने वाले 33 वर्षीय श्रीकांत ने नौ साल बाद अपने शानदार नेट प्ले का प्रदर्शन करते हुए पहला गेम जीत लिया। लेकिन 21 वर्षीय फ्रांसीसी खिलाड़ी ने वापसी करते हुए एक घंटे छह मिनट में 11-21, 21-15, 21-15 से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

जगशेर ने पदक किया पक्का

काहिरा। भारत के जगशेर सिंह खंगूरा ने बृहस्पतिवार को यहां बैडमिंटन जूनियर विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के युआन-स्यू ह्सुआंग को रोमांचक मुकाबले में हराकर पदक सुनिश्चित किया। पंजाब के इस बैडमिंटन खिलाड़ी ने काहिरा इंटरनेशनल स्टेडियम में तीन गेम तक चले मुकाबले में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की।

टेनिस टूर्नामेंट

एलिना स्वितोलिना वुहान ओपन के क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ▶▶| वुहान

पांचवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने बृहस्पतिवार को यहां वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली चीन की खिलाड़ी गुओ हान्यू को 6-1, 6-4 से हराकर वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

गुओ ने पिछले मैच में 12वीं वरीयता प्राप्त सोराना सिर्स्टिया को 1-6, 7-6 (6), 7-5 से हराकर उलटफेर किया था लेकिन स्वितोलिना के खिलाफ वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाई।

अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन

इससे पहले विंबलडन की फाइनलिस्ट और छठी वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा को 11वीं वरीयता प्राप्त डायना श्नाइडर से 7-5, 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका और दूसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला बुधवार को दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गई थी।

सैमसन ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में बनाया अनोखा रिकॉर्ड, बने पहले बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय विकेट कीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन ने बुधवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में तूफानी बल्लेबाजी की। उन्होंने 248 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार अर्धशतक लगाया।

इस दौरान सैमसन ने एक खास उपलब्धि हासिल की। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में किसी फुल मेंबर टीम की ओर से पहले 4 ओवर के भीतर अर्धशतक पूरा करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए।



सैमसन ने 3.4 ओवर में पूरा किया अर्धशतक

सैमसन ने सिर्फ 23 गेंदों में 56 रन की पारी खेली। उन्होंने इस दौरान 6 चौके और 4 छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 243.48 रहा। सैमसन ने 3.4 ओवर में अर्धशतक पूरा किया। क्रिकबज के अनुसार, वह किसी फुल मेंबर टीम की ओर से टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पहले 4 ओवर के भीतर 50 रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बने। हालांकि, सभी टीमों के खिलाड़ियों की सूची में नामीबिया के जान फ्राइलिंक ने भी 3.4 ओवर में अर्धशतक लगाया है।

किलियन सबसे कम उम्र में 100 मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने

एमबाप्पे और हालैंड ने मेस्सी के रिकॉर्ड तोड़े

एजेंसी ▶▶| रोम

किलियन एमबाप्पे चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र में 100 मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने रियाल मैड्रिड और रोमा के बीच खेले गए मैच में यह उपलब्धि हासिल की।

एमबाप्पे ने लियोनेल मेस्सी का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने सितंबर 2015 में 28 वर्ष की आयु में बार्सिलोना की तरफ से रोमा के खिलाफ ही खेलते हुए पिछला रिकॉर्ड बनाया था। एमबाप्पे ने मैड्रिड की 4-3 की जीत में पहले हाफ में बराबरी का गोल दागकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया।





एर्लिंग 60 गोल करने वाले सबसे छोटे खिलाड़ी

चैंपियंस लीग में बुधवार को मेस्सी का केवल यह रिकॉर्ड ही नहीं टूटा बल्कि एक और रिकॉर्ड उनके नाम से चला गया। मैनचेस्टर सिटी के एर्लिंग हालैंड ने पेरिस सेंट जर्मेन के खिलाफ अपनी टीम की 2-4 से हार के दौरान दो गोल किए। इससे उनकी चैंपियंस लीग में कुल गोल की संख्या 60 मैच में 61 हो गई है। यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए के अनुसार 26 साल और 85 दिन की उम्र में हालैंड चैंपियंस लीग में 60 गोल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने मेस्सी का रिकॉर्ड को एक दिन के अंतर से तोड़ा।



रक्षा मंत्री की पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी

आतंकी हमला हुआ तो पहले से ज्यादा कड़ा जवाब देगा भारत: राजनाथ सिंह

शांति के लिए ताकत और तैयारी जरूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को पाकिस्तान से होने वाले सीमा पार आतंकवाद को लेकर भारत का रुख दोहराया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से होने वाली किसी भी अगली आतंकी घटना का जवाब पहले से भी अधिक कड़ा होगा। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपरा संवाद, सह-अस्तित्व और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करती है, लेकिन शांति की प्रतिबद्धता को कमजोरी नहीं समझना चाहिए। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, बालाकोट हवाई हमले और सर्जिकल स्ट्राइक केवल सैन्य अभियान नहीं थे। ये आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति में निर्णायक बदलाव के प्रतीक थे।



रक्षा मंत्री ने कहा कि 2014 के बाद से ज्यादातर आतंकियों की सक्रियता की अवधि घटकर एक साल से भी कम रह गई है। उनके मुताबिक, भारत के खिलाफ हथियार उठाने के एक साल के भीतर सुरक्षा बल ऐसे आतंकियों को मार गिरा रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि शांति बनाए रखने के लिए ताकत और क्षमता जरूरी हैं। भारत शांति चाहता है, लेकिन देश की रक्षा के लिए जरूरत पड़ने पर युद्ध का सामना करने को भी तैयार है।

रक्षा उत्पादन बढ़कर 1.78 लाख करोड़ रुपये से अधिक

रक्षा मंत्रालय के बयान के मुताबिक, राजनाथ सिंह ने बताया कि सरकार के प्रयासों से देश का रक्षा उत्पादन 2014 के 40,000 करोड़ रुपये से बढ़कर रिकॉर्ड 1.78 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। वहीं, रक्षा निर्यात 2013-14 के 686 करोड़ रुपये से बढ़कर रिकॉर्ड 39,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। भारत के रक्षा उत्पाद करीब 100 देशों तक पहुंच रहे हैं।

उत्तराखंड की मंत्री रेखा ने पति साहू पर दर्ज कराई एफआईआर

देहरादून। उत्तराखंड की महिला एवं बाल कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने अपने पति गिरधारी लाल साहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने अपनी और बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है। मंत्री ने पति पर पहली शादी की बात छिपाने, दूसरी महिलाओं से संबंध रखने, शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना देने और जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। इस बीच उनकी तबीयत भी बिगड़ गई है, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में एडमिट कराया गया। रेखा आर्या ने इस मामले में एक ऑडियो रिकॉर्डिंग का भी जिक्र किया है, जिसने उन्हें अपनी और बच्चों की सुरक्षा को लेकर कदम उठाने के लिए मजबूर किया। साथ ही अपना पक्ष रखते हुए एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वह रोते हुए सब बात बता रही हैं। गिरधारी लाल साहू इसी साल जनवरी में भी विवादों में आए थे। बिहार की लड़कियों को लेकर उनके कथित बयान के सार्वजनिक होने के बाद विरोध प्रदर्शन हुए थे। विवाद बढ़ने पर साहू ने अपने बयान को लेकर सफाई भी दी थी।

हूती विद्रोहियों का यमन के राष्ट्रपति भवन पर हमला

5 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं बाल-बाल बचे प्रधानमंत्री

अदन। यमन के अदन में राष्ट्रपति भवन (अल-माशिक पैलेस) को निशाना बनाकर किए गए एक भीषण हूती मिसाइल हमले में चार लोगों की मौत हो गई है। अदन में छह तेज धमाके सुने गए। हूती विद्रोहियों ने यह हमला बैलेस्टिक मिसाइल से किया था, हालांकि इसकी पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। कैबिनेट के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस हमले में कई सुरक्षा गार्ड मारे गए या गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दो सरकारी अधिकारियों ने रॉयटर्स को पुष्टि की है कि हमले के वक्त वहां मौजूद देश के प्रधानमंत्री और



अन्य मंत्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। हूती विद्रोहियों के बढ़ते हमलों के जवाब में यमन की सरकारी सेना ने कड़ा रुख अपनाया है। सेना ने हूतियों के कब्जे वाले इलाकों को वापस पाने के लिए चलाए जा रहे उनके डॉन ऑफ यमन अभियान के तहत, पिछले 24 घंटों के भीतर हूतियों के ठिकानों पर कुल 1,250 हमले किए गए हैं।

अमेरिका के मंदिर में नरसंहार की साजिश नाकाम, आरोपी गिरफ्तार

अमेरिकी मंदिर में गोलीबारी की साजिश पर हिंदू संगठन ने जारी किया अलर्ट

नवरात्रि के पहले दिन हमला करने पहुंचा था लेकिन राइफल जाम होने से टली घटना

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/नई दिल्ली

अमेरिका में एक मंदिर को सामूहिक गोलीबारी का निशाना बनाने की कोशिश नाकाम हो गई है। घटना ने अमेरिका के हिंदू समुदाय में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है...

अमेरिका के इलिनोइस में श्री वेंकटेश्वर मंदिर में मास शूटिंग की साजिश का खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस मामले में 19 साल के एलेक्जेंड्रोस पैपोराकिस को गिरफ्तार किया है। उसके पास से

- इलिनोइस में श्री वेंकटेश्वर मंदिर का मामला

रायफल और दूसरे हथियार बरामद हुए हैं। इस घटना ने अमेरिका में रहने वाले भारतीयों, खासतौर से हिंदू समुदाय के बीच चिंता बढ़ा दी है। भारतीय कॉन्सुलेट ने इस पर संज्ञान लिया है।

वहीं समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्थाओं ने एतहिताती कदम उठाए हैं। शिकागो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने इलिनोइस के हिंदू मंदिर में सामूहिक गोलीबारी की योजनाओं पर प्रतिक्रिया दी है। दूतावास का कहना है कि वह भारतीय समुदाय के लोगों के संपर्क में हैं और चीजों की जानकारी ले रहे हैं।


एलेक्जेंड्रोस पैपोराकिस

भारतीय मूल के लोगों के खिलाफ हिंसा की बातें चिंताजनक



विदेश मंत्रालय ने इस साजिश को 'नस्लवादी और हिंदू विरोधी' करार देते हुए कहा कि यह घटना बेहद परेशान करने वाली है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हम इलिनोइस के अरोरा इलाके में एक हिंदू मंदिर को निशाना बनाकर मास शूटिंग करने की कथित साजिश की खबरों को लेकर बेहद चिंतित हैं।

हिंदू संगठनों की बढ़ी चिंता

अमेरिका के हिंदू मंदिर एम्पावरमेंट काउंसिल (एचएमईसी) ने घटना पर चिंता जाहिर की है। एचएमईसी ने त्योहारों के सीजन में मंदिरों में होने वाली भीड़ को देखते हुए अमेरिका के मंदिरों के लिए सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। संगठन ने कहा है कि यह कदम इलिनोइस के ऑरोरा में मंदिर पर गोलीबारी की कथित साजिश को नाकाम किए जाने के बाद उठाया गया है। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि पुलिस को एक व्यक्ति से संदिग्ध मैसेज मिलने के बाद संभावित मास शूटिंग की सूचना मिली थी। इसके बाद आरोपी को उसके घर के बाहर से गिरफ्तार कर लिया।

19 साल के लड़के पर सामूहिक हत्या की साजिश का आरोप

जांचकर्ताओं को अब तक मिले सुरागों के आधार पर पता चला है कि आरोपी के निशाने पर इलिनोइस का श्री वेंकटेश्वर मंदिर था। हमलावर के तौर पर पहचाने गए 19 वर्षीय एलेक्जेंड्रोस पैपोराकिस को श्वेत राष्ट्रवादी (वाइट नेशनलिस्ट) बताया गया है। मंदिर को निशाना बनाने वाली सामूहिक गोलीबारी की इस साजिश की जांच अमेरिकी न्याय विभाग करेगा। इलिनोइस के पैलेटाइन में टाको बेल कैशियर, एलेक्जेंड्रोस पैपोराकिस पर आतंकवादी धमकी देने और अवैध रूप से हथियार रखने जैसे आरोप लगाए गए हैं। आरोपी के साथ काम करने वाले लोगों ने पुलिस को बताया कि उन्हें पैपोराकिस से कुछ चिंताजनक संदेश मिले थे। इनमें ऐसा दस्तावेज भी शामिल था, जिसमें मास शूटिंग की योजना का जिक्र था। अभियोजकों ने बताया कि रविवार को पैपोराकिस ने अपने एक सहकर्मी को फोन करके कहा था कि उसकी बंदूक जाम हो गई। इसके बाद वह बिना फायरिंग किए और बिना किसी की नजर में आए तेजी से वहां से निकल गया। अदालत में पेश किए जाने के बाद जज ने फैसला सुनाया कि पैपोराकिस को फिलहाल जेल में ही रहना होगा।

अजब प्रेम की गजब कहानी

75 साल के बुजुर्ग पर आया 30 साल की इंस्टाग्राम ब्लॉगर का दिल, कर ली सगाई

- सात साल पहले हो चुका पत्नी का निधन

एजेंसी ▶▶ औरैया (उप्र)

कहते हैं कि प्यार उम्र की सीमाओं का मोहताज नहीं होता। उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में सामने आई एक अनोखी प्रेम कहानी इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है।

यहां 75 वर्षीय रामसुगर को 30 वर्षीय इंस्टाग्राम ब्लॉगर रानी राजपूत



से प्यार हो गया। दोनों ने अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने का फैसला करते हुए सगाई कर ली है। अब जल्द ही दोनों विवाह के बंधन में बंधने की तैयारी कर रहे हैं। रामसुगर औरैया जिले के सहार ब्लॉक के अरियारी गांव के रहने वाले हैं, जबकि रानी राजपूत औरैया की निवासी हैं।

क्या कहते हैं परिजन

परिजनों के अनुसार, रानी का पिछले करीब दो वर्षों से रामसुगर के घर आना-जाना था। रामसुगर की बेटी राधा भी यूट्यूबर हैं और रानी अक्सर उनके घर वीडियो शूट करने आती थीं। इसी दौरान रामसुगर और रानी की मुलाकातें बढ़ीं और धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं। समय के साथ यह रिश्ता प्यार में बदल गया।

वायुसेना को संचार उपग्रह व नौसेना को मिलेगा 'वरुणास्त्र'

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना और नौसेना की ताकत बढ़ाने के लिए 4,106 करोड़ रुपए के दो बड़े समझौते किए हैं। इसके तहत वायुसेना को स्वदेशी संचार उपग्रह जीसैट-7सी की क्षमता मिलेगी। वहीं, नौसेना को दुश्मन की पनडुब्बियों को निशाना बनाने वाले वरुणास्त्र टॉरपीडो मिलेंगे। वायुसेना के लिए 2,563 करोड़ रुपए की लागत का यह समझौता गुरुवार को बंगलूरू स्थित न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड के साथ हुआ है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक देश में ही तैयार जीसैट-7सी उपग्रह वायुसेना के संचार तंत्र को मजबूत करेगा। इससे सैन्य संसाधनों के बीच सुरक्षित और निर्बाध संचार में मदद मिलेगी। इससे



विभिन्न सैन्य अभियानों के दौरान तालमेल और कम्युनिकेशन की प्रभावशीलता भी बढ़ेगी। गौरतलब है कि सैन्य अभियानों के दौरान प्रभावी संचार बेहद महत्वपूर्ण होता है। सुरक्षित संचार व्यवस्था से वायुसेना के संसाधनों के बीच तालमेल बेहतर बनाने और उनकी ऑपरेशनल क्षमता मजबूत करने में मदद मिलेगी।

पेशावर के स्कूल में भीषण हादसा

छत ढहने से 34 बच्चों और एक टीचर की दर्दनाक मौत

एजेंसी ▶▶ पेशावर

पाकिस्तान के पेशावर में गुरुवार को प्राइवेट स्कूल की छत भरभराकर गिर गई। मलबे के नीचे दबने से 34 बच्चों और एक लेडी टीचर समेत 35 की मौत हो गई।

स्थानीय मीडिया ने 'लेडी रीडिंग हॉस्पिटल' (एलआरएच) के हवाले से बताया कि इस दर्दनाक हादसे में



50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। एलआरएच के अनुसार, 53 बच्चों को अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से ज्यादातर लड़के थे। इनमें से 34 बच्चों की मौत हो गई, जबकि 17 बच्चों को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

एक रिपोर्ट के मुताबिक सभी बच्चों की उम्र 14 साल या उससे कम थी। एलआरएच प्रवक्ता मुहम्मद आसिम ने बताया कि अस्पताल में इमरजेंसी घोषित कर दी गई थी और वरिष्ठ अधिकारी ट्रॉमा वार्ड में मौजूद थे।

गूगल का नया टूल खोलेगा एआई कंटेंट की पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



इंटरनेट पर दिखने वाली हर फोटो, वीडियो या आवाज असली हो, यह जरूरी नहीं है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से तैयार कंटेंट इतना वास्तविक दिख सकता है कि उसे पहचानना मुश्किल हो जाता है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए गूगल ने अपना सिंथ आईडी वेरिफिकेशन टूल सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध करा दिया है। इसकी मदद से लोग जांच सकते हैं कि किसी फोटो, वीडियो या ऑडियो में गूगल की एआई तकनीक से तैयार कंटेंट के संकेत मौजूद हैं या नहीं।

भारत पर 100% टैरिफ लगेगा या नहीं, 10 दिन में होगा फैसला

ट्रंप तय करेंगे रूसी तेल खरीदने वाले किन देशों पर प्रतिबंध लगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने गुरुवार को रूसी तेल खरीदने को लेकर भारत पर 100% टैरिफ पर अपनी बात रखी।



उन्होंने ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में बोलते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले 10 दिनों के भीतर प्रतिबंधों पर फैसला ले सकते हैं, जिसे रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों, जिनमें भारत भी शामिल है पर असर पड़ सकता है। इस साल 18 सितंबर को ट्रंप ने लिंडसे ओ ग्राम सैक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 पर साइन कर इसे कानून बना दिया। यह कानून रूस से तेल, गैस के टॉप एनर्जी आयातकों या प्रतिबंधों से बचने में सहायता करने वाले देशों से आयात पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाने का अधिकार देता है। ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में बोलते हुए सर्जियो गोर ने कहा कि उन्हें अगले 10 दिनों के भीतर कोई फैसला लेना होगा। उन्होंने बताया कि ट्रंप ने अब तक इस कानून के तहत किसी भी देश पर प्रतिबंध नहीं लगाए हैं, जबकि कानून पारित होने के 30 दिनों के भीतर उन्हें निर्णय लेना आवश्यक था।

जल्द ही दोनों देशों में ट्रेड डील

जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत को कोई राहत या छूट मिलेगी, तो अमेरिकी राजदूत ने कहा कि गेंद ट्रंप के पाले में है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका जल्द ही एक व्यापार समझौते पर पहुंचेंगे और लगभग डेढ़ साल से चल रही जटिल बातचीत के बावजूद दोनों देशों ने काफी प्रगति की है। उन्होंने कहा कि बड़े मुद्दे सब पूरे हो चुके हैं. उन्होंने कहा कि बचे हुए मुद्दों में कुछ छोटी मोटी बातें और नई चिंताएं शामिल हैं, जो बातचीत आगे बढ़ने पर सामने आ सकती हैं। गोर ने कहा कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा 6-3 के फैसले के बाद प्रशासन ने व्यापार समझौते के कुछ हिस्सों पर फिर से विचार किया, जिसमें कहा गया था कि इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमी पावर एक्ट के तहत ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापक वैश्विक टैरिफ गैरकानूनी थे और कांग्रेस की टैक्स की अनन्य शक्ति का हनन करके संविधान का उल्लंघन करते थे।

तीन अलग-अलग कैटेगरी के लिए लगेगा टैरिफ

इसके अलावा उन्होंने कहा कि यह कानून राष्ट्रपति को उन देशों पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार देता है, जो रूसी तेल और गैस खरीदते हैं या रूस को प्रतिबंधों से बचने में मदद करते हैं. हालांकि, गोर ने स्पष्ट किया है कि ये उपाय किसी खास देश को टारगेट नहीं करते हैं। उन्होंने लिखा कि कांग्रेस द्वारा पारित ये प्रतिबंध विकल्प किसी एक देश को टारगेट नहीं करते हैं। ये तीन अलग-अलग श्रेणियों में आते हैं। पहला तेल, दूसरा गैस और तीसरा प्रतिबंधों का उल्लंघन।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28